दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 159
कोटद्वार बुधवार
4 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## अन्नू रानी का जलवा: 72 साल में पहली बार भारत ने महिलाओं के भाला फेंक में जीता स्वर्ण




**हांगझोऊ , एजेंसी।** भारत की अन्नू रानी ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में इतिहास रचते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता है। अपने चौथे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 62.92 मीटर भाला फेंका। श्रीलंका की नदीशा दिलहान ने रजत पदक जीता। इसी के साथ अन्नू एशियाड में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई हैं। 72 साल में ऐसा पहली बार हुआ है जब एशियाई खेलों में महिलाओं के भाला फेंक में किसी भारतीय ने स्वर्ण जीता है।

फाइनल में अन्नू ने सीजन बेस्ट प्रदर्शन किया। फाइनल में सभी एथलीट को छह प्रयास दिए जाते हैं। इनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रयास को काउंट किया जाता और उसी के आधार पर मेडल तय किए जाते हैं। अन्नू का पहला प्रयास 56.99 मीटर का रहा, दूसरा प्रयास 61.28 मीटर का रहा और तीसरा प्रयास 59.24 मीटर का रहा। तब तक वह दूसरे स्थान पर चल रही थीं। इसके बाद चौथे प्रयास में अन्नू ने 62.92 मीटर दूर भाला फेंका और स्वर्ण पदक तय कर दिया। उनका पांचवां प्रयास 57.66 मीटर और आखिरी प्रयास फाउल रहा। श्रीलंका की दिलहान नदीशा 61.57 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और रजत जीता। वहीं, चीन की हुईहुई ल्यू 61.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

1951 से ही महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा एशियाई खेलों का हिस्सा रही है। एशियाड में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में कुल छह पदक (अन्नू के स्वर्ण को मिलाकर) मिले हैं। इससे पहले 1951 दिल्ली एशियाई खेलों में बरबरा वेबस्टर ने कांस्य, 1958 टोक्यो एशियाई खेलों में एलिजाबेथ डेवेनपोर्ट ने रजत, 1962 जकार्ता एशियाई खेलों में एलिजाबेथ डेवेनपोर्ट ने कांस्य, 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में गुरमीत कौर ने कांस्य और 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में अन्नू रानी ने कांस्य जीता था। अब अन्नू रानी ने स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया है। यह उनका एशियाई खेलों में दूसरा पदक है।

अन्नू ने भाला फेंक में भारत को कई प्रतियोगिताओं में कामयाबी दिलाई है। वह महिला भाला फेंक में रानी ही हैं। इस स्पर्धा में ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। अन्नू ने 2020 टोक्यो ओलंपिक (2021 में खेला गया था) के लिए क्वालिफाई किया था। इसके अलावा वह राष्ट्रमंडल खेलों में भी भाला फेंक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट भी हैं। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अन्नू ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह 2017 भुवनेश्वर में आयोजि एशियन चैंपियनशिप में कांस्य और 2019 में दोहा में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में रजत जीता था। 2016 में गुवाहाटी में आयोजित साउथ एशियन गेम्स में अन्नू ने रजत पदक जीता था।

## देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब का: पीएम



**जगदलपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार की जातीय जनगणना के सार्वजनिक होने के बाद कांग्रेस के..जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी..के बयान पर उसे आड़े हाथों लेते हुए कहा हैं कि वह देश के हिन्दुओं और गरीबों को बांटने का कुचक्र कर रही है। पीएम मोदी ने आज यहां भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब की है, और अगर उसका भला हो गया तो देश का भला हो जाएगा। उन्होंने बगैर कोई नाम लिए कांग्रेस पर एक देश के साथ गुप्त समझौता करने का भी गंभीर आरोप लगाया और कहा कि भारत की बुराई करने में उसे मजा आ रहा है। भारत के प्रति उसका प्रेम कम होता जा रहा है।उन्होंने कहा कि भारत के संसाधनों पर पहला हक गरीब का है चाहे वह दलित, पिछड़ा या फिर सामान्य वर्ग से हो। गरीब के जीवन में बदलाव होना चाहिए। कांग्रेस नई मांग कर देश के लोगों के बीच खाई को बढ़ाने और उनके बीच बैर बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि..उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, अब कांग्रेस की नई मांग से वह क्या सोच रहे होंगे..। कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों का हक कम करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आज कांग्रेस के लोग नहीं चला रहे हैं, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मुंह पर ताला लगा हुआ है।

## सुको पहुंचा बिहार जातिगत जनगणना का डेटा जारी करने का मामला, 6 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**पटना,एजेंसी** । नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की ओर से जातीय जनगणना का डेटा रिलीज करने का मामले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। आपको बता दें कि बिहार में जातीय गणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी तीन अक्टूबर को सुनवाई होनी थी, जिसे छह अक्टूबर के लिए टाल दिया गया है।

बिहार सरकार ने कोर्ट से कहा था कि उनके वकील किसी काम व्यस्त हैं, इसलिए दलील के लिए अगली तारीख चाहिए। राज्य सरकार के इस अनुरोध को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। आपको बता दें कि जातीय गणना के आंकड़ें जारी करने पर रोक लगाने के लिए पहले पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी, लेकिन कोर्ट ने इस मामले में बिहार सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया था।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि बिहार सरकार ने जातिगत जनगणना के आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा वह अभी मामले में कोई टिप्पणी नहीं करे। 6 अक्टूबर को मामला सुनवाई के लिए लगा है, उसी समय आपकी दलील सुनेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का राम सेतु के आसपास दीवार बनाने की मांग वाली याचिका पर विचार से इन्कार

**नई दिल्ली,**। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र को राम सेतु के आसपास दीवार बनाने और इसे राष्ट्रीय विरासत स्मारक के रूप में घोषणा करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि ये सरकार के लिए प्रशासनिक मामले हैं और अदालतों को इनमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

पीठ ने आदेश दिया, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए याचिकाकर्ता द्वारा चाहा गया कोई भी निर्देश देने के इच्छुक नहीं हैं।इसके अलावा, इसने सरकार को याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने का निर्देश नहीं दिया। शीर्ष अदालत ने व्यक्तिगत रूप से याचिकाकर्ता से कहा, इसे सरकार को दें, हम आपको रोक नहीं रहे हैं।

## राजकीय शिक्षकों की 8 अक्तूबर को दून में प्रदेशव्यापी रैली

देहरादून। राजकीय शिक्षकों ने लंबित मांगों के हल को लेकर आर-पार का ऐलान कर दिया है। आठ अक्तूबर को दून में प्रदेशव्यापी रैली निकाल सरकार पर दबाव बनाएंगे। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान और महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा को आंदोलन का अल्टीमेटम पत्र भेज दिया है। चौहान ने बताया कि चार अगस्त को शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत की अध्यक्षता में शिक्षकों के कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन एक मांग का समाधान नहीं हुआ। आंदोलन के पहले चरण में शिक्षकों ने विरोध स्वरूप बाहों पर काली पट्टियां बांध शिक्षण कार्य किया, पर शिक्षकों की मांगों को लेकर शासन से लेकर निदेशालय के अफसर गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## क्रिकेटर ऋषभ पंत ने किए बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में दर्शन



**चमोली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मंगलवार को भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। ऋषभ हेलीकॉप्टर से मंगलवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति सहित स्थानीय युवाओं, क्रिकेट प्रेमियों तथा तीर्थयात्रियों ने उनका स्वागत किया। यहां से ऋषभ श्री केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। हेलीपेड से ऋषभ पंत सीधे बदरीनाथ मंदिर पहुंचे तथा कुछ देर वीआईपी कॉटेज में आराम किया। इसके बाद सीधे मंदिर में दर्शन को चले गए। दर्शन करने के बाद श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद, तुलसी माला एवं अंगवस्त्र भेंट किया गया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने बदरीनाथ मंदिर परिसर स्थित मंदिरों में भी माथा टेका। इसके बाद उन्होंने बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी का आशीर्वाद लिया। रावल ने उन्हें भगवान का अंगवस्त्र एवं प्रसाद दिया। मालूम हो कि इससे पहले क्रिकेट के दिग्गज केदार जाधव भी बद्रीनाथ पहुंच कर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर चुके हैं।


बदरीनाथ धाम में दर्शन करने के बाद पंत ने केदारनाथ धाम में दर्शन किए। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि क्रिकेटर ऋषभ पंत बदरीनाथ दर्शन के बाद हैलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे थे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति सहित तीर्थपुरोहितों ने उनका स्वागत किया।

दर्शन करने के बाद श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से पंत को भगवान केदारनाथ का प्रसाद, रूद्राक्ष माला एवं विभूति अंगवस्त्र भेंट किया गया। श्री केदारनाथ मंदिर परिसर में दर्शन करने के दौरान बड़ी संख्या में उनके साथ फोटों खिंचवाए और सेल्फी भी ली। पंत के साथ खानपुर विधायक उमेश कुमार भी मंदिर दर्शन को पहुंचे।

## बच्चों के लिए दुनिया की दूसरी मलेरिया वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ की मंजूरी

**नई दिल्ली,एजेंसी** । सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मलेरिया के एक टीके को मंजूरी दे दी है, जिसके साथ ही दुनिया की दूसरे ऐसे टीके के इस्तेमाल का रास्ता साफ हो गया है। एसआईआई ने कहा कि टीके के 'प्री-क्लिनिकल' और 'क्लिनिकल' परीक्षण से संबंधित आंकड़ों के आधार पर यह मंजूरी दी गई है और परीक्षणों के दौरान चार देशों में यह टीका काफी कारगर साबित हुआ है। एसआईआई ने एक बयान में कहा कि यह बच्चों को मलेरिया से बचाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मंजूरी पाने वाला दुनिया का दूसरा टीका बन गया है।डब्ल्यूएचओ ने 'नोवावैक्स' की सहायक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और एसआईआई द्वारा तैयार किए गए आर21/मैट्रिक्स-एम नामक मलेरिया के इस टीके के उपयोग को मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया है कि पुणे स्थित एसएआईआई को टीके तैयार करने का लाइसेंस दिया गया है और कंपनी पहले ही सालाना 10 करोड़ खुराक तैयार करने की क्षमता हासिल कर चुकी है ।

## पहाड़ से मैदान तक भूकंप दो बार डोली धरती



**देहरादून।** उत्तराखंड में मंगलवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। दोपहर करीब दो बजकर 52 मिनट पर पहाड़ से मैदान तक भूकंप महसूस हुआ। राजधानी देहरादून समेत, श्रीनगर, उत्तरकाशी, टिहरी व पूरे कुमाऊं मंडल में भूकंप आया।इस दौरान करीब पांच सेकंड तक धरती हिलती रही। हालांकि अभी तक कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

जानकारी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 रही। वहीं, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे नेपाल में था। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकल गाए। वाडिया इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीके यादव के मुताबिक, दो बजकर 25 मिनट पर 4.9 मैग्नीट्यूड का पहला झटका आया। वहीं, दो बजकर 51 मिनट पर 5.7 मैग्नीट्यूड का दूसरा झटका महसूस किया गया।

वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के भूकंप विज्ञानियों की मानें तो उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। उत्तराखंड का ज्यादातर इलाका भूकंप के लिहाज से जोन चार और पांच में हैं। इसलिए बार-बार भूकंप की घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

### एक बार फिर डोली धरती, भूकंप के झटकों के बाद घरों से बाहर भागे लोग

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला मुख्यालय सहित श्रीनगर, बीरोंखाल, धुमाकोट, कोटद्वार आदि शहरों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने-अपने घरों से बाहर भागकर सुरक्षित स्थान पर गए। आपदा परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप से जनपद क्षेत्र के अंतर्गत किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है। मंगलवार अपराह्न 2:51 बजे जनपद में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने में भूकंप की तीव्रता 5.5 रही। जनपद में आये भूकंप के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा जिला आपदा परिचालन केंद्र के माध्यम से समस्त आईआरएस के अधिकारियों एवं समस्त तहसीलों में उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार के नुकसान की जानकारी प्राप्त कर जिला आपदा परिचालन केंद्र को अवगत कराए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक सूचना के अनुसार जनपद में किसी भी प्रकार की जान माल के नुकसान की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त तहसील स्तर से भी जानकारी ली जा रही है। वहीं श्रीनगर में अपराह्न 2.51 बजे के करीब भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ गए। तेज आवाज के साथ खिड़की व दरवाजों के हिलने से लोग घरों से बाहर आ गए। इस दौरान लोग सहमे हुए नजर आए।

## 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक देहरादून में होगा 6 वाँ विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय, देहरादून स्थित मीडिया सेंटर में 6वाँ वैश्चिक आपदा प्रबंधन सम्मेलन के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की। इस दौरान वैश्विक आपदा प्रबंधन सम्मेलन के लिए अमिताभ बच्चन के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 6वाँ विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन 28 नवंबर से 01 दिसंबर 2023 तक देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, डी.एम.आई.सी.एस. हैदराबाद तथा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छठे विश्व सम्मेलन का उद्घाटन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित के लिए अनुरोध किया जाएगा।

### पद्म विभूषित अमिताभ बच्चन सम्मेलन के होंगे ब्रांड एंबेसडर

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रमुखों, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के साथ ही विश्व के प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र संघ, देश-विदेश के जलवायु विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश एवं दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच मंथन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन से आपदा प्रबन्धन की गंभीरता व विशेष रूप से उत्तराखण्ड राज्य और हिमालयी क्षेत्रों की आपदा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व स्तर पर किये जा रहे चिन्तन व प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा जलवायु परिर्वतन और आपदा



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक को संबोधित करते हुए।

प्रतिरोध्यता अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं और वर्तमान समय में भारतवर्ष एवं विशेष रूप से हिमालयी राज्यों में इनके महत्व को देखते हुए आपदा प्रबन्धन के वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य भर में आपदा प्रबंधन के विशेष सत्रों का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा राज्य में स्थित केन्द्रीय संस्थानों, जैसे-वाडिया, हिमालयी भू-विज्ञान, आई.आई.पी., आई.आई.आर.एस. जल संरक्षण इत्यादि में किया जायेगा। पूर्वोत्तर राज्य सहित देश भर के संस्थानों में भी आपदा प्रबंधन पर पूर्व कार्यक्रम आयोजित किये जाने प्रस्तावित है। आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सम्मेलन में 04 मुख्य सत्रों, 50 तकनीकी सत्रों, कई विशेष तकनीकी सत्रों में आपदा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श होगा। जिनमें मुख्यतः जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध्यता, पूर्व चेतावनी प्रणाली और प्रतिरोधकता तथा आपदा के पश्चात पुनर्वास और पुनर्निर्माण आदि शामिल हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) के साथ एकीकृत करके जलवायु परिवर्तन जनित चुनौतियों का बेहतर रूप से सामना करने में सहायता मिलेगी। जिससे प्रभावित समुदायों की प्रतिरोध्यता में सुधार होगा और प्रकृति की सुरक्षा के प्रति समुदाय अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। इस दौरान सचिव आपदा रंजीत सिन्हा, महानिदेशक यूकोस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार मामले में चंद्रबाबू नायडू को राहत नहीं



### सुप्रीम कोर्ट 9 अक्तूबर को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्तूब को इस पर विचार करेगा।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं- वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, ए एम सिंघवी और सिद्धार्थ लूथरा और आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और रंजीत कुमार की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में सोमवार को विचार करेगी।

पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार से कहा कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों का पूरा संकलन शीर्ष अदालत के समक्ष पेश करेंगे। शीर्ष अदालत ने 27 सितंबर को उनकी पुलिस हिरासत के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल विचार करने से इनकार कर दिया था, लेकिन मुकदमा रद्द करने की गुहार पर विचार के लिए सहमति व्यक्त की थी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया था। पीठ ने कहा था कि यह अदालत निचली अदालत को चंद्रबाबू नायडू की पुलिस हिरासत की मांग करने वाले आवेदन पर विचार करने से नहीं रोकेगी। श्री लूथरा ने अदालत से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए को देखने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल को हिरासत में नहीं रखा जा सकता।

# तहसील दिवस में 15 शिकायतें दर्ज, 7 का मौके पर निस्तारण



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील कार्यालय रुद्रप्रयाग के सभागार कक्ष में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कुल 15 शिकायतें दर्ज की गई। प्राप्त शिकायतों में 7 का मौके पर ही निराकरण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें।बर्सू के ग्रामीणों ने गुलाबराय-तूना-बौंठा मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से नालियों का पानी आवासीय भवनों में घुसने तथा दुर्घटना की संभावना के दृष्टिगत समस्या के निराकरण करने की मांग की। क्षेत्र पंचायत सदस्य गडमिल दशरथ सिंह बुटोला ने हड़ेटीखाल में स्वीकृत उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण न होने की शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि वन विभाग की आपत्ति के चलते स्वास्थ्य केंद्र को भूमि आवंटित करने के बाद भी केंद्र नहीं बन पा रहा है। बैंजी निवासी जयदत्त बेंजवाल ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि उनके पेयजल कनेक्शन पर विगत माह से पानी नहीं आ रहा है।

तहसील रुद्रप्रयाग में कार्यरत महिला कार्मिकों ने आवासीय कॉलोनी में पेयजल की समस्या के निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दिया। तूना के ग्रामीण गिरीश सिंह ने उनके क्षतिग्रस्त आवास की समस्या से जबकि कोठगी के ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। बौंठा के गिरीश सिंह ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि तूना-बौंठा मोटर मार्ग पर तीन वर्षों से डामरीकरण नहीं किया गया है। ग्वेफड़ प्रधान लीला सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज ग्वेफड़ की विभिन्न समस्याओं के साथ ही गांव की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में अवगत कराया। पुनाड़ (जयमंडी) निवासी सुरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत अभी तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध न होने की शिकायत दर्ज की गई। अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित कर 07 शिकायतों का निस्तारण करवाया, वहीं अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, तहसीलदार राम किशोर ध्यानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीएस गुसांई, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, वैयक्तिक सहायक नीरज बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं फरियादी मौजूद रहे।

## मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

देहरादून। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रिस्पना से लेकर आराघर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इस महीने के अंत तक सड़क चौड़ीकरण, नाला और फुटपाथ निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। रिस्पना के पास नाले में पानी जमा होने पर नाराजगी जताई। कहा कि इससे डेंगू का लार्वा पनपने की संभावना है, जल्द ही नाले की सफाई की जाए। काबीना मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यह काम जून तक पूरा होना था, जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया। इससे जाम की समस्या हो रही है। वीकेंड पर ट्रैफिक पूरी से पटरी से उतर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए इस काम को इस महीन के अंत तक हर हाल में पूरा किया जाए।

## आरटीओ पर लगाया बिना टेंडर काम करवाने का आरोप

देहरादून। सिटी बस स्वामी एवं आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल ने आरटीओ (प्रशासन) पर 15 लाख रुपये का काम बिना टेंडर करवाने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि आरटीओ ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया और सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। नरदेव शास्त्री मार्ग स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल ने कहा कि आरटीओ की ओर से कुठालगेट, ब्रह्मपुरी और भद्रकाली में चेकपोस्ट बनवाई गई। इस काम पर 14 लाख 94 हजार रुपये निर्माण और जीएसटी समेत कुल 17 लाख 62 हजार 920 रुपये का खर्च होना दर्शाया गया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार ढाई लाख रुपये से ज्यादा के काम का राष्ट्रीयकृत अखबारों में टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं, यह काम पीडब्ल्यूडी के माध्यम से करवाया जाना था। लेकिन आरटीओ ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने और सरकारी धन की बंदरबांट करने के लिए कोटेशन के आधार पर एक फर्म से काम करवाया है। जिस फर्म से काम करवाया गया है, वह आरटीओ में कलम, कागज, कार्टेज जैसे छोटे–छोटे सामान की आपूर्ति करती है।

आरटीओ प्रशासन (प्रशासन) सुनील शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरटीआई कार्यकर्ता विजय वर्धन डंडरियाल की ओर से लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। कहा कि उनके द्वारा मीडिया में गलत सूचना प्रेषित कर भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है।

# मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन



देहरादून। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सोमवार को मजदूर संगठनों सीआईटीयू ,एटक ने सीटू ने पीलीभीत में हुई घटना को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सजवाण, महामंत्री गंगाधर नौटियाल, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद देवली, जिलाध्यक्ष देहरादून दलजीत सिंह, महामंत्री कमरूद्दीन, माला गुरूंग, सीटू के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नेगी, जिला महामंत्री लेखराज, एटक के नेता एसएस रजवार, राजेन्द्र पुरोहित, एजाज, बलबीर सिंह, याकूब अली, उम्मेद बोरा, जितेन्द्र सिंह, मलकियत सिंह, कुन्दन सिंह ,गुमान सिंह प्रेम सिंह, सरजीत सिंह, जिया राम,जमीरी राम, रणजीत सिंह, बिन्दा सिंह, किशन सिंह, हरवंश सिंह, मनमोहन सिंह, गुरूप्रीत सिंह, अनन्त आकाश, प्रदीप कुमार,भगवन्त पयाल, राम सिंह भंडारी, रविंद्र नौडियाल, मामचन्द, चित्रा, शिवा दुबे, लक्ष्मी पन्त आदि मौजूद थे।

## विस्थापितों ने टिनशेडों के स्थाई आवंटन की मांग

नई टिहरी : टिहरी बांध विस्थापित बौराड़ी स्थित केमसारी टिनशेड में निवासरत एकता शक्ति संगठन से जुड़े लोगों ने विधायक किशोर उपाध्याय से टीनशेडों के स्थाई आवंटन की मांग की है।

केमसारी के टिनशेड निवासी सुरेन्द्र घई ने बताया कि टिहरी बांध बनने के बाद पुर्नवास विभाग की ओर से अस्थाई तौर पर बौराड़ी स्थित केमसारी टिनशेड उन्हें आवंटित किये गये थे, करीब 20 वर्षों बाद भी उन्हें टिनशेड का आवंटन स्थाई तौर नहीं मिल पाया है। पुर्नवास नीति की विसंगतियों के कारण टिनशेडों में निवासरत करीब 180 परिवारों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# वामपंथियों ने सुमन पार्क में धरना—प्रदर्शन किया




नई टिहरी : संयुक्त किसान मोर्चा व संयुक्त ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी आह्वान पर काला दिवस का आयोजन करते हुए किसान सभा व सीटू ने सुमन पार्क में धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला प्रशासन के माध्यम से पीएम मोदी को 11 सूत्रीय मांग पत्र भी प्रेषित किया।मंगलवार को वामपंथी दल के घटकों ने सुमन पार्क में धरना-प्रदर्शन करने के बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन के माध्यम से पीएम मोदी को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की, कि चार लेबर कोड वापस किये जायें। सभी फसलों के लिए सीटू और 50 प्रतिशत के अनुसार एमएसपी को कानूनी गारंटी सुनिश्चित कर खरीद की व्यवस्था की जाय। भारत सरकार में मंत्री अजय मिश्रा को तत्काल मंत्री पद से हटाया जाय। न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये दिया जाय। सभी नागरिकों के लिए 10 हजार रूपये पेंशन प्रतिमाह व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का निजीकरण न किया जाय। विद्युत संशोधन बिल 2022 का रद्द किया जाय। मनरेगा में हर वर्ष 200 दिनों की रोजगार गारंटी और 600 रूपये प्रतिदिन मजदूरी की जाय। किसानों के सभी बकाया कर्ज माफ किए जायें। ट्रेड यूनियनों पर दर्ज मुकदमें वापस किए जायें। खेती को जंगली जानवरों व आवार पशुओं से बचाने के लिए ठोस कदम उठायें जायें। (एजेंसी)

## एक नजर

### 21 सिपाही प्रशिक्षण के बाद पुलिस की मुख्य धारा में जुड़े

देहरादून। मृतक आश्रित कोटे से भर्ती हुए 21 सिपाही मंगलवार को पुलिस लाइन में हुए दीक्षांत समारोह में पुलिस की मुख्य धारा में जुड़ गए। एसएसपी अजय सिंह ने नव नियुक्त सिपाहियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। एसएसपी ने उन्हें पूर्ण मेहनत और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को प्रेरित किया। नए नियुक्त आरक्षियों में आठ पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं। जिन्होंने नौ महीने का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में शारीरिक विषय में पुष्पा, शैक्षिक विषयों में चंदा प्रथम रही। प्रदीप डंगवाल को उत्कृष्ट अनुशासन के लिए चुना गया।

### कैबिनेट मंत्री जोशी ने किया हाथीबड़कला में बैंक शाखा का उद्घाटन

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हाथीबड़कला में एक्सिस बैंक की नई शाखा का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने शाखा प्रबंधक और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बैंक का स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। शाखा की ओर से ग्राहकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर सरकार में दायित्वधारी कैलाश पंत, ब्रांच हेड तजिंदर सिंह, ऑपरेशन हेड अलीशा रानी, सर्कल हेड रघुवीर सिंह चौहान, क्लस्टर हेड नितिन चंद्र गुप्ता, अनुज अग्रवाल, पार्षद भूपेंद्र, संजय नौटियाल, रमेश प्रधान आदि मौजूद थे।

### दून सिख वेलफेयर सोसाइटी के नेत्र चिकित्सा शिविर में 181 की जांच

देहरादून। दून सिख वेलफेयर सोसायटी की ओर से मंगलवार को सुभाष रोड स्थित गुरुद्वारे में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 181 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर का आरंभ वाहे गुरु से सभी की आँखों की स्वस्थ जांच एवं सफल ऑपरेशन की अरदास के साथ हुई। शिविर में आए कुल मरीजो में से 37 के मोतिया बिंदु के ऑपरेशन हुए। श्री महन्त इंदिरेश हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ दिविजा अरोड़ा व डॉ राजेश्वर सिंह ने मरीजों की जांच की। स्वाति तिवारी के सुपरविजन में तकनीकी विशेषज्ञों ने नजर व अन्य जांच की। सभी जरूरतमन्दों को दवाइयां, नजर के पढ़ने वाले चश्मे मुफ्त दिये गये। सचिव के के अरोड़ा ने बताया कि चार अक्टूबर को भी सुबह 9 बजे से ओपीडी होगी। सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष कृपाल सिंह चावला, अध्यक्ष जेएस मदान, कोषाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह,समन्वयक सरदार इंदरजीत सिंह, उप समन्वयवयक सतनाम सिंह,पूर्व अध्यक्ष जेएस जस्सल, अमरजीत सिंह भाटिया, अर्जुन दास भारद्वाज, विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष वीके वोहरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने किया स्पोर्टस कॉलेज रायपुर में आयोजित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव 2023 में प्रतिभाग



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज रायपुर में आयोजित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव 2023 में प्रतिभाग किया। नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेन्ट तथा स्टेट एकलव्य विद्यालय संगठन समिति उत्तर-खण्ड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 22 राज्यों से आए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के छात्र एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आये छात्रों की उपस्थिति में यह उत्सव भारत की विविधता में सांस्कृतिक एकता का जश्न मनाने का एक मंच बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चार दिवसीय आयोजन ईएमआरएस में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के सर्वांगीण विकास को गति देने के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप है, जो निरंतर सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देगा, और समृद्ध भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और विरासत को राष्ट्रीय एकीकरण के माध्यम से विविधता में एकता की मिशाल बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अवसर वास्तव में छात्रों के बीच उत्साह की भावना, सांस्कृतिक जुड़ाव और विभिन्न राज्यों से आने वाले छात्रों के बीच राष्ट्रीय एकता के भाव को भी मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में मुख्य रूप से पांच प्रकार की जनजातियाँ निवास करती हैं। उनकी भौगोलिक, आर्थिक तथा ऐतिहासिक स्थितियाँ लगभग समान है। उन्होंने स्वयं जीवन का एक महत्वपूर्ण कालखंड थारू जनजाति के बीच में बिताया है। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय के पंडित नैन सिंह रावत के जीवन की शुरुआत भी एक महान सर्वेयर के रूप में इसी देवभूमि से हुई है, जिन्होंने तिब्बत की यात्रा के दौरान अपने कदमों की नाप से दुनिया को बताया कि ल्हासा की समुद्र तल से उंचाई कितनी है साथ ही दुनिया को तिब्बत के कई अनदेखे और अनसुलझे रहस्यों से भी रूबरू कराया तथा तिब्बत के नक्शे को दुनिया के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विगत 09 वर्षों के कार्यकाल में देश में अनुसूचित जनजातियों का समेकित सामाजिक–आर्थिक विकास हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज़ादी के इस अमृतकाल में भारत की जनजातीय परम्पराओं एवं शौर्य गाथाओं को भव्य पहचान दिलाई है। जनजातीय समाज के अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता का सपना साकार किया है। मुख्यमंत्री ने सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एक अतिरिक्त एकलव्य विद्यालय की स्थापना हेतु केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री श्री अर्जुन मुंडा से अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में सुधार को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इनका आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान और सर्वांगीण विकास कर उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

# हिंदी वाद विवाद में द हैरिटेज स्कूल प्रथम

देहरादून। अंतरविद्यालय हिन्दी वाद विवाद प्रतियोगिता में द हैरिटेज स्कूल ने पक्ष और विपक्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। दून इंटर नेशनल स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। द हैरिटेज स्कूल की अभिलाषा रावत को विपक्ष और डीआईएस की यशिका को पक्ष में श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला। द हैरिटेज स्कूल के सभागार में मंगलवार को प्रतियोगिता आयोजित की गई। वक्ताओं ने राजतंत्र से लेकर लोकतंत्र पर कड़े प्रहार किए। पाइनहाल स्कूल के अर्जुन जोशी ने कहा कि वास्तविक जीवन में यह दर्शाता है कि आज राजतंत्र नहीं लोकतंत्र है। आज भी भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार एक अभिन्न अंग बन गया है। वाद विवाद प्रतियोगिता में भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, जी 20, चन्द्रायान सहित अनेकों मुद्दे छाए रहे। इस अवसर पर द हैरिटेज स्कूल, पाइन हॉल स्कूल, शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, द प्रेसीडेंसी इंटरनेशनल स्कूल, मार्शल स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, राजा राम मोहन राय एकेडमी, दून प्रेसीडेंसी स्कूल, माउंट फोर्ट एकेडमी, कृष्ट ज्योति एकेडमी एवं सेंट जैवियर स्कूल आदि के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक के रूप में मानव भारती स्कूल के डा. अनंतमणि त्रिवेदी, सहकारिता विभाग के उप निदेशक डा. अनिल शास्त्री रहे। मौके पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, काउंसलर चारू चौधरी, प्रधानाचार्य डा. अंजू त्यागी, पीएस चौहान आदि मौजूद थे।

## जीबी पंत पर्यावरण संस्थान ने वन्य जीव सप्ताह के अन्तर्गत किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमल, अल्मोड़ा के जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन केन्द्र द्वारा चौंदास घाटी के राजकीय इंटर कालेज पांगू, जनपद पिथौरागढ़ में वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अमित बहुखण्डी ने वन्यजीव सप्ताह के महत्व, संरक्षण प्रयासों, जनमानस की भागीदारी एवं संस्थान द्वारा भारतीय हिमालयी क्षेत्रों में किये जा रहे प्रयासों एवं शोध परियोजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुबोध ऐरी ने बताया कि वर्ष 1952 से वन्य जीव सुरक्षा हेतु पहल को प्रारम्भ किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य संकटग्रस्त वन्यजीवों की रक्षा करना एवं जन–समुदायों को जागरूक करना है।

## श्रीदेव सुमन विवि की परीक्षाओं के परिणाम घोषित

देहरादून। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में लंबे समय से परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। विवि की ओर से स्नातक और स्नातकोत्तर के मुख्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषत कर दिए गए हैं। विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया मंगलवार को विवि की ओर से स्नातक स्तर के बीए, बीएससी, बीकॉम और बीकॉम आनर्स के सेमेस्टर पद्धति के चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर, वार्षिक पद्धति के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

## केमिस्ट एसोसिएशन ने की भाजपा महानगर अध्यक्ष से की मुलाकात

देहरादून। केमिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर केमिस्टों को छापेमारी के नाम पर बेवजह परेशान किए जाने का आरोप लगाया। जिस पर महानगर अध्यक्ष ने मौके से ही फोन पर एसएसपी से वार्ता कर उनकी समस्या बताई। आश्वासन के बाद केमिस्ट एसोसिएशन ने हड़ताल की चेतावनी वापस ले ली है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के नवीन खुराना के नेतृत्व में कई केमिस्ट महानगर अध्यक्ष व दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के पास पहुंचे थे। जहां नवीन खुराना ने उन्हें बताया कि पुलिस प्रशासन पिछले कुछ दिनों से सभी केमिस्ट की दुकानों पर नियम विरुद्ध छापेमारी कर रहा है। यही नहीं पड़ताल के नाम पर उनसे अभद्रता भी की जा रही है। जबकि बिना औषधि निरीक्षक के पुलिस को जांच का अधिकार नहीं है। ऐसे में नियम विरुद्ध निरीक्षण कर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

इस पर महानगर अध्यक्ष ने एसएसपी अजय सिंह से फोन पर वार्ता की और दो दिन का समय केमिस्टों को देने की बात कही।

## 15 अक्तूबर के बाद नहीं मिलेगी सड़क खुदाई की अनुमति

देहरादून। ग्लोबल इन्वेस्टर समिति–2023 की तैयारियां तेजी से चल रही है। 15 अक्तूबर के बाद पेयजल, सीवर और अन्य निर्माण कार्यों के लिए सड़क खुदाई की अनुमति नहीं मिलेगी। यदि कोई बिना अनुमति सड़क खदेगा तो उसके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ डैमेज पब्लिक प्रॉपर्टी ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा ने समिट को लेकर विभिन्न विभागों की बैठक ली। निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय से पूरे कर लिए जाए, यदि किसी विभाग को पेयजल, सीवर एवं अन्य निर्माण कार्य जिनके लिए सड़क की खुदाई की आवश्यकता है तो 15 अक्तूबर तक अनुमति प्राप्त कर लें। इसके बाद सड़क खुदाई की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने बिना अनुमति के सड़क खुदाई करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़कों से आड़े–तिरछे लगे होर्डिंग्स हटाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अनुज, सहायक अभियंता अनुभव नौटियाल, सहायक अभियंता जल संस्थान राघवेन्द्र डोभाल आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज के अस्तित्व को खतरे नहीं आने देंगे

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर आईएसबीटी में सांकेतिक धरना दिया। आक्रोशित कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। चेताया कि यदि उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। मंगलवार को कर्मचारी आईएसबीटी में एकत्र हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी रोडवेज का अस्तित्व बचाने के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में प्राइवेट वाहन डग्गामारी कर रहे हैं,

# कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन



देहरादून। वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्य शुरू नहीं होने पर विपक्ष के पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सभी ने निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द काम शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। नगर आयुक्त मनुज गोयल से फोन पर वार्ता के बाद उप नगर आयुक्त रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस पार्टी के पार्षदों ने कहा कि नगर निगम के वार्डों में मेयर और पार्षद कोटे से करीब 45 करोड़ के काम होने हैं। इसके अलावा पंद्रह करोड़ के बजट से पार्कों का सौंदर्यीकरण व अन्य कार्य होने हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ विजेंद्र पाल सिंह ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर वर्क ऑर्डर जारी करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। राजपुर वार्ड से पार्षद उर्मिला थापा ने कहा कि वार्डों में कई माह पहले लगे पोलों पर स्ट्रीट लाइटें तक नहीं लग पा रही। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम समय से नहीं हो पा रहा। कुछ वार्डों में नियमित रूप से डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए सफाई वाहन नहीं पहुंच रहे। इस दौरान कोमल वोहरा, मीना मिष्ट, सुमित्रा ध्यानी, हुकुम सिंह गड़िया, अनिल क्षेत्री, सविता सोनकर, अमित भंडारी, सागर लामा, रमेश कुमार, सविता सोनकर, अुर्जन सोनकर, मो. इलियास अंसारी, सचिन थापा, महेंद्र रावत आदि मौजूद थे। उधर नगर आयुक्त मनुज गोयल ने लोक निर्माण अनुभाग को जल्द वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दिए।

## जारी रहा कार्य बहिष्कार, देहरादून कूच कर दी चेतावनी

**कोटद्वार** : पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग का कार्य बहिष्कार 29वें दिन भी जारी रहा। समस्या का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित कर्मचारियों ने देहरादून वन विभाग कार्यालय कूच की चेतावनी दी है। वन विभाग कार्यालय में आयोजित धरने में प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने कहा कि वह पिछले 29 दिनों से अपने अधिकारों को लेकर आंदोलन कर रहे है। लेकिन, अब तक उनकी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। हालत यह है कि पिछले पांच माह से कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिला है। ऐसे में आउटसोर्स कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने चार अक्टूबर को देहरादून में आंदोलन करने की भी चेतावन दी है। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक देवेंद्र सिंह, राम सिंह खाती, रविंद्र, प्रदीप भदूला, जीत सिंह, बृजमोहन, नरेश जुयाल, विकास नेगी आदि मौजूद रहे।

# डेढ़ माह बाद भी सड़क पर दिन काट रहे आपदा प्रभावित

**आपदा प्रभावित प्रशासन से कई बार कर चुके है पुनर्वास की मांग**

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** भले ही आपदा को आए हुए डेढ़ माह का समय बीत चुका हो। लेकिन, आपदा प्रभावित कई परिवारों के जख्म अब भी हरे ही हैं। सैकड़ों परिवार आज भी टैंट लगाकर सड़क किनारे दिन काट रहे हैं। ऐसे में परिवारों के समक्ष छत की चिंता खड़ी हो गई है। प्रभावित परिवार कई बार शासन-प्रशासन से उनके पुनर्वास की मांग उठा चुके हैं। लेकिन, प्रशासन इन परिवारों की सुध लेने को तैयार नहीं है।

13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि से खोह नदी उफान पर बनी हुई है। इससे गाड़ीघाट, झूलाबस्ती, काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र के दर्जनों भवन नदी की भेंट चढ़ गए थे।



कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टैंट लगाकर रहते परिवार

बेघर परिवारों के लिए प्रशासन की ओर से आसपास के बारात घर व धर्मशालाओं में व्यवस्था की गई है। लेकिन, दो सप्ताह बाद ही बारात घर व धर्मशाला संचालकों ने उन्हें खाली करवा दिया था। इसके बाद कुछ परिवार तो किराए के भवनों में चले गए। लेकिन, कई परिवार अब भी काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टैंट लगाकर रह रहे हैं। प्रभावित परिवारों का कहना है कि छत टूटने के बाद वह सड़क किनारे गर्मी व वर्षा की मार झेल रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परिशानी बुजुर्ग व बच्चों के साथ हो रही है।

### प्रशासन कर चुका है इंकार

नदी के आसपास अधिकांश परिवारों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर भवन निर्माण करवाया था। उफान पर बनी नदी से सबसे अधिक नुकसान इन्हीं भवनों को हुआ है। भवन स्वामियों के पास न ही कोई रजिस्ट्री है और न ही भवन से संबंधित कोई दस्तावेज। ऐसे में इस बात की कोई उम्मीद ही नहीं है कि प्रशासन दोबारा इन परिवारों को उक्त स्थान पर बसने की इजाजत देगा। जबकि, अवैध कब्जा कर बसने वालों को मुआवजे का भी कोई प्रावधान नहीं है।

## सेना का हिस्सा बनें 41 अग्निवीर, गढ़वाल राइफल्स में हुए शामिल

**नायक भवानी दत्त जोशी अशोक चक्र परेड ग्राउंड में हुआ शपथ ग्रहण समारोह**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गढ़वाल राइफल्स के नायक भवानी दत्त जोशी अशोक चक्र परेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ और 41 अग्निवीर भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। समीक्षा अधिकारी कर्नल प्रणव श्रीकृष्णा जोशी ने मंगलवार को परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर अग्निवीरों ने कदम कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा, ये जिंदगी है कौम की तू कौम पे लुटाए जा... गीत गुनगुनाते हुए देश की आन बान शान बनाए रखने का संकल्प लिया। अग्निवीरों का यह दूसरा बैच है।

समीक्षा अधिकारी कर्नल जोशी ने सेना में शामिल हुए अग्निवीरों से देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हुए कर्तव्य का निर्वहन करने का आह्वान किया। कहा कि सेना में शामिल हुए अग्निवीरों के लिए यह गौरव और सम्मान की बात है कि उन्हें द्वितीय अग्निवीर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना की प्रतिष्ठित पैदल सेना गढ़वाल राइफल्स के माध्यम से देश सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इस मौके पर समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ रहे अग्निवीरों और अन्य सभी अग्निवीरों के माता-पिता और अभिभावकों को गौरव पदक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

## फैक्ट्री से हटाए जाने पर श्रमिकों ने जताया रोष, उठाई कार्रवाई की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** जशोधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधक पर उन्हें बिना कारण बताए नौकरी से हटाने का आरोप लगाया है। कहा कि प्रशासन को फैक्ट्री के खिलाफ श्रम कानून के तहत कार्रवाई करनी चाहिए। नौकरी चले जाने से श्रमिकों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते श्रमिक

मंगलवार को समस्या के संबंध में श्रमिकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि वह वर्षों से जशोधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे। लेकिन, एक अक्टूबर को जब वह फैक्ट्री पहुंचे तो प्रबंधक ने उन्हें बिना कारण बताए नौकरी छोड़ने का आदेश दे दिया। नौकरी से हटाए जाने के दौरान उन्हें केवल वेतन ही दिया गया है। जबकि, न ही उन्हें कोई नोटिस दिया गया और न ही ग्रेच्यूटी, पीएफ आदि दिया गया है।

कहा कि फैक्ट्री प्रबंधक खुलेआम श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। क्षेत्रीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए खोली गई फैक्ट्रियों में लोगों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। श्रमिकों ने उपजिलाधिकारी से फैक्ट्री की जांच कर प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर सुमन जखमोला, रविंद्र नेगी, जय प्रकाश, महेश चंद्र, सुनील कुमार, सुशील डंडरियाल, शशि विलास, प्रवीन रावत, नागेंद्र बिंजोला, अतुल रावत आदि मौजूद रहे।

## अंग्रेजी राइटिंग में आंचल, तनमय ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** शिक्षा विभाग की ब्लाक स्तरीय शरदकालीन व शीतकालीन क्रीड़ा, सांस्कृतिक प्रतियोगिता बीआरसी पौड़ी में हुई। प्रतियोगिता के तहत हिंदी सुलेख प्राथमिक वर्ग में आस्था ने पहला, सोनाक्षी ने दूसरा व आरूषी ने तीसरा स्थान पाया। अंग्रेजी राइटिंग प्राथमिक में आंचल ने पहला, कार्तिक ने दूसरा व आराध्य ने तीसरा स्थान पाया। मानचित्र उत्तराखण्ड प्राथमिक में अक्षिता पहले, कार्तिक दूसरे व मंयक तीसरे स्थान पर रहे। हिंदी सुलेख जूनियर वर्ग में अनामिका पहले, कृष रावत दूसरे व प्राची तीसरे स्थान पर रहे। अंग्रेजी राइटिंग जूनियर में तनमय बलूनी, अदिति, रौनक क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मानचित्र भारत जूनियर स्तर तनमय बलूनी पहले, अनामिका दूसरे व प्राची तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर अनूप काला, जितेंद्र राय, कमल उप्रेती, नवीन डोभाल, प्रताप राणा, भगत भण्डारी महेश गिरि, लक्ष्मण सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित किया गया कार्यक्रम**



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते समिति के सदस्य व विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर वेदीखाल महोत्सव समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

राजकीय आदर्श राजकीय विद्यालय वेदीखाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महोत्सव समिति के अध्यक्ष बृजपाल सिंह रावत, हरेंद्र रावत, सुभाष नौटियाल, यशपाल नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को मोमेंटो व नगदी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी समिति अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करती रहेगी। अपर मुख्य निदेशक अरूण बौड़ाई ने विद्यालय में रिक्त पदों को भरने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर पान सिंह, ध्यान सिंह, रामेंद्र बिष्ट, विनोद बौड़ाई, एसएमसी अध्यक्ष रमेश, एसबीआई बैंक स्यूंसी भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

## दीवार पत्रिका लहर के प्रथम अंक का विमोचन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : छात्रों में रचनात्मकता, नवाचार और समूह में काम करने के उद्देश्य से प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी की प्रेरणा और गणित अध्यापक राजीव शर्मा के दिशा निर्देशन में राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर में बाल रचनाकारों द्वारा लिखित दीवार पत्रिका लहर के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। पत्रिका में बाल रचनाकारों की जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वन संरक्षण, पेड़ लगाओ, जी-20, संस्कृत श्लोक, कविता आदि विषयो पर पेंटिंग और लेख रचना को स्थान दिया गया है।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक व बच्चे ।

शिक्षक राजीव शर्मा ने कहा कि इस दौर में पढ़ने-लिखने की संस्कृति का निरंतर लोप होता जा रहा है, ऐसे में नई पीढ़ी को किताबों की दुनिया दिखाने का दीवार पत्रिका कारगर उपाय सिद्ध हो सकता है। प्रधानाचार्य ने छात्रों की इस नवाचारी पहल पर प्रेरित करते हुए कहा कि अतिरिक्त पाठ्यचर्या के रूप मे यह पत्रिका जीवन मूल्यो का विकास करने के साथ ही छात्रों में नवीन सोच भी पैदा करती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में आदर्श बीरोंखाल के छात्र रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : बीरोंखाल ब्लाक संकुल स्तरीय प्राथमिक व जूनियर खेलकूद प्रतियोगिता में आरदश राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीरोंखाल के छात्रों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में आठ प्राथमिक, तीन जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंगलवार को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसई में डुमैला संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधान रगडीगाड़ सुनील सिहं बिष्ट में दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रूचि लेनी चाहिए। 50 मीटर दौड़ में ध्रुव गुसांई आप्रावि बीरोंखाल प्रथम, लक्की द्वितीय, पुष्पा तृतीय स्थान पर रहें। जूनियर वर्ग सौ मीटर दौड़ में आयुष रिखाड़ प्रथम, रोहन सिसई द्वितीय, वर्षा तृतीय। समूहगान में जूनियर वर्ग सिसई प्रथम, कोलरी द्वितीय, रिखाड़ तृतीय स्थान पर रहें। प्राथमिक वर्ग सुलेख कार्तिक प्रथम रहे।

## खाई में गिरी कार, दो घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भदालीखाल से दो किलोमीटर आगे एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। पीकअप वाहन पोखड़ा की ओर से कोटद्वार आ रहा था।



दुर्घटना के बाद खाई में गिरा पिकअप वाहन

घटना मंगलवार दोपहर की है। गुमखाल चौकी प्रभारी वेद प्रकाश ने बताया कि वाहन चालक शिवालिक नगर निवासी कुलदीप रावत उम्र 33 वर्ष पुत्र प्रीतम सिंह व गाड़ीघाट निवासी विजय बलूनी उम्र 30 वर्ष पुत्र चंडीप्रसाद बलूनी पोखड़ा से कोटद्वार की तरफ आ रहे थे। भदालीखाल से दो किलोमीटर आगे वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा।

सूचना मिलने पर गुमखाल चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर पुलिस ने रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुए दोनों घायलों को खाई से बाहर निकाला।

पुलिस ने दोनों घायलों को 108 आकस्मिक सेवा वाहन के माध्यम से राजकीय बेस हास्पिटल पहुंचाया। जहां पर दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## आइसा से और छात्रम ने उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी घोषित किए

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ चुनाव में आइसा व छात्रम छात्र संगठन ने उपाध्यक्ष पद पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। आइसा की ओर से प्रियंका को उपाध्यक्ष पद पर अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। जबकि छात्रम संगठन की ओर से रूपेश नेगी को उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया है। आइसा कार्यकर्ता व बिड़ला परिसर छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अंकित उछोली और छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल ने छात्र संघ चुनाव 2023-24 के उपाध्यक्ष पद पर प्रियंका के नाम की घोषणा की। मौके पर उछोली व असवाल ने कहा कि आइसा छात्र संगठन विगत लगभग 30 वर्षों से गढ़वाल विवि में शिक्षा और संघर्ष का नारा बुलंद करते हुए छात्रहित के लिए कार्य कर रहा है।

## साइबर पीड़ितों को वापस दिलवाई रकम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पुलिस की साइबर सेल ने साइबर ठगी पीड़ित पांच व्यक्तियों के खातों से 3.88 लाख रूपये की ठगी रकम को वापस दिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। वर्तमान में साइबर ठगों द्वारा नए-नए तरीके अपनाकर आमजन को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, जिस कारण कई व्यक्ति लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस प्रकार के प्रकरणों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर साइबर सेल को उक्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक साक्षी पुण्डीर निवासी श्रीनगर, पौड़ी गढवाल के खाते से कटी 2,46,000 रूपये में से 2,00,000 रूपये, मानपुर निवासी गौरव नेगी के खाते से कटे 1,48,227 रूपये में से 1,00,200 रूपये, विश्वनाथ निवासी रिखणीखाल के खाते से कटे 48,000 रूपये शत प्रतिशत, मौ. शादिक, निवासी–जिला परिषद मार्केट के खाते से कटे 24,000 रूपये शत प्रतिशत और सौरभ रावत, निवासी–किंकालेश्वर मार्ग शिवपुरी मोहल्ला, पौड़ी गढ़वाल के खाते से कटे 15000 रूपये की धनराशि शत प्रतिशत आवेदक के खाते में वापस करवाई गई। इस पर आवेदकों ने साइबर पुलिस का धन्यवाद अदा किया है। वहीं पुलिस की ओर से आम जन को आनलाइन ठगी का शिकार होने से बचने पर जागरूक भी किया जा रहा है।

## वीरेंद्र जुयाल एनएचबी निदेशक मंडल में सदस्य नामित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : नेशनल हॉटिकल्चर बोर्ड के निदेशक मंडल में उत्तराखंड के वीरेंद्र प्रसाद जुयाल सदस्य नामित हुए है। यह जानकारी वीरेंद्र जुयाल ने पौड़ी में पत्रकारों से औपचारिक बातचीत में दी। वीरेंद्र जुयाल इससे पूर्व बीजेपी में कई अहम पदों पर भी रहे है। दिल्ली बीजेपी में सदस्य कार्यकारिणी में रहने सहित ही दिल्ली बीजेपी दो बार प्रदेश मंत्री, भाजपा सहयोग में राष्ट्रीय संयोजक, बीजेपी केंद्रीय चुनाव प्रबंधन एवं समन्वय समिति में सदस्य और उत्तराचंल प्रकोष्ठ दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी वीरेंद्र जुयाल ने संभाली है। जुयाल ने कहा कि उत्तराखंड में भी कृषि और उद्यान के क्षेत्र में कार्यों को गति दी जाएगी।

## सीआईयूटी व किसान सभा के कार्यकताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व किसान मोर्चा के केंद्रीय आहवान पर सीआईटीयू व अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह पिछले काफी समय से समस्याओं के निराकरण की मांग केंद्र सरकार से कर रहे है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिस कारण कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

मंगलवार को धरना देते हुए यूनियनों के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले लंबे समय से केंद्र सरकार से विभिन्न समस्याओं के हल की मांग को लेकर मांग पत्र भेजा जाता है, लेकिन आज तक एक भी समस्या का हल नहीं किया गया है। जिससे यूनियनों व किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

उन्होंने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते हुए लखीमपुर खीरी शहीदों को न्याय दिलाने के लिए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा (टेनी) को पद से हटाने, केंद्र सरकार द्वारा संशोधित चार श्रम संहिताओं को रदद करते हुए न्यूनतम वेतन 25 हजार निर्धारित करने, किसानों के लिये व्यापक कर्जमाफी करने, केन्द्र सरकार द्वारा किसान संगठनों के साथ किये गये समझौते को लागू करने, सामाजिक सुरक्षा का लाभ के तहत 10 हजार मासिक पेंशन करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगो और सेवाओं का निजीकरण बंद करने, केन्द्र सरकार द्वारा जारी बिजली संशोधन बिल 2022 को रद्द करने, मनरेगा के तहत प्रतिदिन मजदूरी 6 सौ व 200 दिन का रोजगार देने की मांग की गई। इस मौके पर सीटू के जिला महामंत्री देवानंद नौटियाल, नीमा रावत, सुरेंद्र रावत, नमन चंदोला, टीका प्रसाद पोखरियाल, मनोज दुर्बी, शिवचरण कोहली, उदय सिंह, शंकर राणा आदि शामिल थे।

## दस दिवसीय नेचर गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

**कोटद्वार** : आईएचएमएस संस्था ने आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क नेचर गाइड प्रशिक्षण का समापन हो गया। इस दौरान युवाओं को नेचर गाइड में बेहतर भविष्य के बारे में बताया गया।

पर्यटन विभाग व टीएचएससी के तत्वावधान में दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। अंतिम दिन अपर निदेशक उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पूनम चंद ने युवाओं को वीडियों काफ्रेंसिंग के माध्यम से नेचर गाइड के लाभ बताया। कहा कि इससे जुड़कर युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। इस मौके पर डीएफओ कालागढ़ टाइगर रिजर्व आशुतोष सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश चंद्र खत्री, कुंवर अजय आदि मौजूद रहे।

# सभी विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित कर केन्द्र की विकास योजनाओं की गति में तेजी लाएं



अल्मोड़ा। सभी विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित कर केन्द्र की विकास योजनाओं की गति में तेजी लाएं।

यह बात आज विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद अजय टम्टा ने अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सांसद अजय टम्टा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने जनपद व विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ केन्द्र पोषित योजनाओं व अन्य मुख्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन एवं अन्य केंद्रीय योजनाओं में गति लाने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय तक कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में केन्द्र पोषित संचालित योजनाओं का डाटा विकासखण्डवार बनाया जाय ताकि संचालित योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है या नहीं के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई समेत अन्य निर्माणकारी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य पूर्ण होने की स्टेज में हैं उनकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए।

## तहसील परिसर से कटे पेड़ नहीं हटाने पर भड़के अधिवक्ता

बागेश्वर : बागेश्वर तहसील परिसर पर पेड़ काटे गए, लेकिन लकड़िया नहीं उठाई गई हैं। जिसमें मच्छर और सांप पल रहे हैं। जिला बार ऐसोसिएशन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीघ्र लकड़ियां नहीं हटने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बार के अध्यक्ष विनोद भट्ट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि पिछले छह माह पूर्व तहसील परिसर के हरे पेड़ काटे गए। लकड़ियां जगह-जगह चट्टा बनाकर रख दी गईं। वह उठाई नहीं जा रही हैं। जिसमें सांप घुस रहे हैं। अरायजनवीस सेट के सामने भी लकड़ी के ढेर हैं। जिसके कारण तहसील आने वाले लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। वर्तमान में डेंगू फैल रहा है।

# नाराज किसानों का एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन



रुद्रपुर : सरकारी खरीद केंद्रों और कच्चे आढ़तियों की ओर से धान खरीद नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसान जुलूस निकालर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम तुषार सैनी को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह मोहार के नेतृत्व में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू करने का आदेश जारी हुआ था, लेकिन अभी तक धान खरीद तो दूर क्रय केंद्रों में धान खरीद की कोई तैयारी नहीं है। कच्चे आढ़ती मंडी में धान खरीदने नहीं आए हैं। किसान के सामने मजबूरी है। वे औने-पौने दामों में धान बाजार में बेच रहे हैं। किसानों ने जल्द खरीद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नवतेज पाल सिंह, साहब सिंह बिजटी, दलबाग सिंह, बक्शीश सिंह, हरदीप सिंह, सुखवंत सिंह, मनजीत सिंह, बलविंदर सिंह, संदीप सिंह, जगीर सिंह, नरेंद्र बमराह, शेर सिंह, हरभजन सिंह, पूरन सिंह शामिल रहे। (एजेंसी)

# विधायक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

हल्द्वानी : तहसील दिवस में क्षेत्र विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर विधायक ने लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किए। तहसील दिवस में मंगलवार को विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने शिरकत कर जनसमस्याएं सुनीं। फरियादियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से कई समस्याओं का विधायक ने विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारण कराया। विधायक ने अधिकारियों से जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण और शत–प्रतिशत जवाबदेही निभाने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक ने लाभार्थियों को विभिन्न मदों से आर्थिक सहायता के चेकों का भी वितरण किया। इस मौके पर तहसीलदार मनीषा बिष्ट, नायब तहसीलदार राजीव कुमार वर्मा, राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव, मनोज रावत, सुनीता लोहनी, रोहित बिष्ट, रमेश कुनियाल, रोहित दुम्का, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने मंगलवार को गुमाल गांव, पनिया मेहता, पनिया बौर, ओखलढूंगा, स्युड़ा सहित अन्य गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। विधायक कैड़ा ने बताया कि काठगोदाम से हैड़ाखान, खनस्यू मोटर मार्ग मालपा, पनियाबौर से ओखलढूंगा तक कई जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग लगातार खाई की तरफ धंस रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मंगलवार को क्षतिग्रस्त सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पनिया बौर से ओखलढूंगा तक मार्ग को आपदा मद से जल्द सही करने को कहा है। (एजेंसी)

## स्कूलों को पुनः उत्तराखंड बोर्ड में शामिल करें

हल्द्वानी : ओखलकांडा ब्लॉक के अटल उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक संघ और विद्यालय प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक हुई। सर्वसम्मति से विद्यालय को सीबीएसई माध्यम से हटाकर उत्तराखंड बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव पास किया गया। पीटीए अध्यक्ष दीपक बर्गली ने बताया कि वर्ष 2023 के परीक्षाफल को देखते हुए ओखलकांडा के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई माध्यम से हटाकर पुनः उत्तराखंड बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव बैठक में रखा गया, जो सर्वसम्मति से पास किया गया।

# 5.35 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार



काशीपुर : कुंडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.35 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाना क्षेत्र के सूर्या पुलिस चौकी इंचार्ज राजेन्द्र प्रसाद पुलिस टीम के साथ एक मुकदमे में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने जा रहे थे। इसी बीच ग्राम हल्दुआ श्यामनगर देवी मंदिर तिराहे के पास एक मोटरसाइकिल के ऊपर बैठे दो व्यक्ति सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति से बातचीत कर रहे थे। अचानक पुलिस को देख कर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से भाग गए। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े संदिग्ध व्यक्ति को बल प्रयोग कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुनीत विश्वनोई पुत्र मधुर विश्वनोई निवासी गौतम वाली गली मौहल्ला भूपसिंह थाना जसपुर बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ठाकुरद्वारा, बरेली से स्मैक लाकर यहां आसपास के क्षेत्रों में अपने ग्राहकों को बेचता था। बरामद स्मैक जसपुर से यहां बेचने आया था। बताया कि मोटर साइकिल से जो दो लोग भागे है। वह स्मैक के उसके ग्राहक है। उन्हें ही वह स्मैक बेचने आया था।

# छात्र—छात्राओं को साइबर अपराध व नशे के दुष्प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर किया जागरूक



अल्मोड़ा। सोमेश्वर पुलिस की महिला उपनिरीक्षक मोनी टम्टा द्वारा राजकीय इन्टर कॉलेज खर्कवाल गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र—छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर जीवन में हमेशा नशे से दूर रहने तथा गांव या आसपास नशे से सम्बन्धित सामग्री बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने हेतु बताया गया। पुलिस द्वारा छात्र—छात्राओं को वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और बचाव के उपाय बताए गए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों व एमवी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देकर यातायात नियमों का हमेशा पालन करने और बालिग होने तक वाहन नहीं चलाने की उचित हिदायत दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस हेल्पलाइन नम्बर डायल 112, साईबर क्राईम हेल्प लाईन नम्बर 1930, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत होने पर तत्काल इन नम्बरों पर सूचना देने हेतु बताया गया।

## स्वास्थ्य शिविर में 56 मरीजों ने कराई जांच

बागेश्वर : राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिरकोट के तत्वाधान में लस्करखेत गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर 56 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष मंत्रालय के आयुषमान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष मेला (निःशुल्क एक दिवसीय होम्योपैथिक शिविर) का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी राहोचि सिरकोट डॉ. पंकज पंत, फार्मासिस्ट सुरेंद्र कुमार, बहुउद्देशीय कर्मी हरीश चंद्र ने 56 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण व आवश्यकतानुसार रक्त परीक्षण कर औषधि वितरित की। लोगों को लाइफस्टाइल व आहार विहार व डेंगू से संबंधित जानकारी दी गई। योग अनुदेशक मुकेश चंद्र ने योगाभ्यास के उपरांत योग से संबंधित जानकारी दी।

# शिक्षा विभाग में हुए स्टिंग की जांच पूरी करें

हल्द्वानी : हाईकोर्ट ने पौड़ी जिले के शिक्षा अधिकारियों के सितंबर 2018 में हुए स्टिंग प्रकरण की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच करके तीन सप्ताह में अपना व्यक्तिगत शपथपत्र पेश करें।

कोर्ट ने यह भी पूछा है कि जो अधिकारी इसमें शामिल हैं उनके ऊपर क्या कार्रवाई हुई? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तिथि नियत की है। सुनवाई पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पूर्व के आदेश पर अभी तक जांच की क्या स्थिति है? जिस पर सरकार की तरफ से कहा गया कि जांच चल रही है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 2022 में इस मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है। दो साल पूरे होने को हैं लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई। (एजेंसी)

## यूपी के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग

रुद्रपुर : लखीमपुर खीरी कांड में दिवंगत हुए किसानों की बरसी को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा ने काला दिवस मनाया। किसानों ने यूपी के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने और गिरफ्तारी की मांग भी की। मंगलवार को नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में एकत्रित किसान व मजदूरों ने यूपी के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को पद से बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान आयोजित सभा में किसानों ने कहा कि संविधान व लोकतंत्र की आजादी को बचाने के लिए सभी वर्गों के लोगों को साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अजय टेनी की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी जब तक नहीं होती, आंदोलन जारी रखेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष लोहर सिंह राणा ने कहा कि सरकार किसान और मजदूरों की मांगों की अनदेखी कर रही है।

# 55 लाख की स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर : एसटीएफ ने 521 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की दो बाइक भी सीज की गई हैं। एक आरोपी यूपी रोडवेज में बस ड्राइवर है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। मटकोटा सिडकुल स्थित सीओ एसटीएफ कार्यालय में मंगलवार को सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे ने प्रेस वार्ता स्मैक तस्करों की गिरफ्तारी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पिछले एक सप्ताह से जांच कर रही थी। सोमवार शाम टीम को सूचना मिली की यूपी से रुद्रपुर क्षेत्र में स्मैक सप्लाई होनी है। इस पर टीम रामपुर रोड पर पहुंच गई। इस दौरान टीम को दो संदिग्ध बाइक दिखाई दीं। जिन्हें रोकने पर बाइक सवार पीछे की ओर मुड़कर भगाने लगे। टीम ने दोनों बाइकों का पीछाकर रामपुर रोड स्थित एएन झा इंटर कॉलेज के पास तीन आरोपी आलम पुत्र अनीश अहमद निवासी बाग्गी, थाना गंज जिला रामपुर यूपी को 190 ग्राम, गुरदीप सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी विरासत नगर थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी को 126 ग्राम और जीशान अली पुत्र नबी अहमद निवासी मिलक मंडी जिला रामपुर यूपी को 205 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से कुल 521 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत करीब 55 लाख रुपये आंकी गई है। सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी गुरदीप सिंह उत्तर प्रदेश रोडवेज बस का ड्राइवर है। वह चार साल पहले ही रोडवेज में ड्राइवर पद पर तैनात हुआ था। एसटीएफ के मुताबिक, पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उन्होंने यह स्मैक यूपी पुलिस के एक कर्मी ने दी और कहा था कि इंदिरा चौक कर कॉल कर फिर आगे किसे देना है, वह बताएगा। एसटीएफ टीम इंदिरा चौक पर स्मैक किसे देनी थी, इसकी भी जांच कर रही है। सीओ एसटीएफ कुमाऊं ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने कहा कि वह यह काम पहली बार कर रहे हैं। कुछ रुपये की लालच में आकर यह काम किया। एसटीएफ के अनुसार, तीनों आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। (एजेंसी)

## लमगड़ा पुलिस ने होटल, रिजॉर्ट मालिकों के साथ की गोष्ठी

अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा थाना प्रभारियों को अपने—अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित होटल, रिजॉर्ट में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मालिकों, प्रबन्धकों के साथ बैठक आयोजन करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के क्रम में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ मंहत द्वारा मंगलवार को थाना क्षेत्र के होटल, रिजॉर्ट मालिकों, प्रबन्धकों के साथ बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष लमगड़ा द्वारा मीटिंग में उपस्थित होटल, रिजार्ट मालिकों को बताया गया कि होटल, रिजार्ट में आने वाले आगंतुकों (गेस्ट) की आईडी (पहचान पत्र) अनिवार्य रुप से लेंगे तथा होटल, रिजार्ट में ठहरने वाले प्रत्येक आगन्तुक का विवरण सम्बन्धित रजिस्टर में अंकित करेंगे।

# गैस गोदाम लिंक मार्ग की हालत नहीं सुधरी तो होगा आंदोलनः सभासद अमित साह



अल्मोड़ा। नगर का गैस गोदाम लिंक मार्ग लम्बे समय से बदहाली का दंश झेल रहा है। इस मार्ग के सुधारीकरण के लिए लम्बे समय से लगातार जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग विभाग से मांग करते आ रहे हैं। पूर्व में विभाग द्वारा इसके आधे हिस्से का सुधारीकरण किया गया और बाकी का मार्ग उसी अवस्था में छोड़ दिया गया। स्थानीय सभासद अमित साह का कहना है कि सीवर लाईन पड़ने के बाद लोक निर्माण विभाग और जल निगम में सामंजस्य ना होने के कारण मार्ग जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा है। सभासद के समर्थन में पहुंचे व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह ने कहा कि यदि अविलम्ब मार्ग का सुधारीकरण नहीं किया गया तो दोनों विभागों में तालाबंदी की जाएगी। सभासद अमित साह मोनू ने कहा कि गैस गोदाम रोड सीवर लाईन डालकर जल निगम द्वारा पूरी तरह से खोद दी गयी है जिससे सड़क पूरी तरीके से खराब हो गई है। लोक निर्माण विभाग और जल निगम का तालमेल नहीं होने के कारण इस कार्य को टाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि गैस गोदाम लिंक मार्ग दोपहिया वाहनों हेतु जाने लायक नहीं रह गया है कई बार यहाँ लोग चोटिल हो चुके हैं।

# बिजली घर से सामान चोरी के मामले का पुलिस ने किया खुलासा



अल्मोड़ा। बिजली घर से लोहे का सामान चोरी होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को कोतवाली रानीखेत में बिजली घर से लोहे का सामान चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त हुई। जिस पर कोतवाली रानीखेत पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए धारा 379 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत के नेतृत्व में चोरी के खुलासे हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा जांच पड़ताल कर और सूचना संकलित कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त प्रदीप बाला (27 वर्ष) पुत्र परितोष बाला निवासी शक्तिफार्म, जनपद उधमसिंहनगर को एफआईआर पंजीकृत होने के 03 घंटों के भीतर ताड़ीखेत बाजार से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। यहाँ पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक बद्री भंडारी, हैड कांस्टेबल योगेंद्र प्रकाश, कांस्टेबल कमल गोस्वामी शामिल रहे।

## पार्टी से लोगों को जोड़ने की अपील

हल्द्वानी : भाजपा कार्यकर्ताओं ने शक्ति केंद्र प्रवास कार्यक्रम के तहत अमिया बूथ में बैठक की। अमृतपुर शक्ति केंद्र की बैठक में जिला मंत्री नितिन राणा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की। अमृतपुर शक्ति केंद्र के तीनों बूथों की समितियों का सरल एप पर सत्यापन किया। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक मधुसूदन पलड़िया, प्रभारी चिराग बोरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन बोरा, पंकज मेहरा, नरोत्तम जोशी, भुवन पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# गुमशुदा नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

काशीपुर : कुंडा पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को 48 घंटे के अंदर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश करेगी। श्यामनगर निवासी एक व्यक्ति ने कुंडा थाने में 30 सितंबर को 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। उसने किसी नईम नाम के लड़के का उसे ले जानने में हाथ होने का शक जताया था। इस मामले की विवेचना सूर्या चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद को दी गई थी। एएसपी अभय सिंह ने किशोरी के जल्द बरामद करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने नाबालिग की बरामदगी के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी नईम अहमद पुत्र अख्तर हुसैन निवासी ग्राम सन्यासीवाला, थाना जसपुर को गिरफ्तार किया है। कुंडा थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि आरोपी नाबालिग को उसके घर से लेजाकर शादी करने के इरादे से घर से दूर हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) ले गया था। दबाव पड़ने पर वह उसे लेकर यहां आ गया था। आरोपी नईम अहमद के खिलाफ थाना कुण्डा में मुकदमा दर्ज किया है। (एजेंसी)

## ईमानदारी की मिशाल कायम की

पिथौरागढ़ : नगर के चंडाक क्षेत्र में एक पुलिस कर्मी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए सड़क पर गिरा मोबाइल लौटाया। चौकी में ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल महेंद्र सिंह को एक मोबाइल सड़क पर गिरा हुआ मिला।

जांच के दौरान उक्त मोबाइल एक लड़की का होना पाया गया। पुलिस कर्मी ने संबंधित लड़की को चौकी बुलाकर मोबाइल सुपुर्द किया। (एजेंसी)

# राज्य के सभी कारागारों में होगी बेकरी यूनिट की स्थापना : सीएम

### कैदियों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का लिया निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बंदियों के न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रूपये से बढ़ाकर 85 रूपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रूपये से बढ़ाकर 65 रूपये और अकुशल के लिए 44 रूपये से बढ़ाकर 55 रूपये दिये जाने का निर्णय लिया गया।



राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। 02 फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में मुख्यमंत्री द्वारा बेकरी यूनिट का शुभारंभ किया गया, इसके अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गाय क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की 05 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी। इसके लिए प्रशिक्षण, देखरेख एवं खरीद की सभी व्यवस्था उद्यान विभाग करेगा। इस पौधशाला केन्द्र से 50 से 60 बंदियों को श्रम पर नियोजित किया जा सकेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निरूद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। बन्दियों की रूचि एवं योग्यता के अनुसार विद्युतकार, वेल्डर, कारपेन्टर, सिलाई, बढ़ई जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले चरण में 500 बन्दियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

बन्दी वस्त्रों की धुलाई के लिए देहरादून और हरिद्वार कारागारों में लॉड्री मशीन की व्यवस्था की जायेगी। जिला कारागार, हरिद्वार में संचालित पावरलूम उद्योग का आधुनिकीकरण किया जायेगा। कारागारों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए यदि विभागों को उत्पाद की गुणवत्ता और कीमत सही लगती है, तो क्रय करने की अनुमति दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में बन्दियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रिक्त 11 चिकित्सकों के पदों की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाय। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव विजय कुमार यादव, आईजी जेल श्रीमती बिमला गुंज्याल, एआईजी यंशवंत सिंह, अपर सचिव स्वास्थ्य श्रीमती अमनदीप कौर, अपर सचिव गृह अतर सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने आर्यन और आकृति का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर की ओर से श्रीनगर के आर्यन कंडारी व आकृति कंडारी को पूर्व में हुई स्टेट नेशनल एशियाई चैंपियनशिप पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम नुपुर वर्मा ने दोनों विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि इससे श्रीनगर का नाम रोशन हुआ है।

उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं से अन्य बच्चे भी प्रोत्साहित होते हैं। इस मौके पर आर्यन कंडारी ने कहा कि उन्हें बचपन से ही खेल का शौक था। कहा वह देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहते हैं और उनका प्रयास है कि वह ओलंपिक में जा सकें। आकृति कंडारी ने कहा कि लड़कियां भी पॉवर लिफ्टिंग में अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर आर्यन व आकृति के पिता वासुदेव कंडारी, पंकज सती व नगर निगम के कर्मचारी, अधिकारी शामिल रहे। (एजेंसी)

## 14 अक्टूबर से शुरू होगा नवरात्रि महोत्सव, तैयारियां शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर महा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। 14 अक्टूबर को कलश यात्रा से महोत्सव का शुरूआत की जाएगी। इसके साथ ही विभागीय स्टॉल, हेल्थ कैंप आदि आयोजन भी किए जाएंगे।

संचालन समिति के संरक्षक वीरेंद्र प्रसाद जुयाल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 15 से 24 अक्टूबर तक यहां शिव पुराण, श्रीमद्देवी भागवत और श्रीमद्भागवत कथाओं का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में ढ़ोलसागर प्रतियोगिता के साथ ही महिला मंडलियों के कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन समिति के संयोजक अनुसुया प्रसाद सुंदियाल महिला मंडलियों के लिए कीर्तन, मांगलगीत से लेकर चौफल्या, थड्या आदि कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पहले पुरस्कार के तौर पर 71 हजार, दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 51 हजार और तीसरे स्थान की टीम को 31 हजार पुरस्कार राशि दी जाएगी। अभी तक 80 कीर्तन मंडलियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। जबकि इसके लिए करीब 175 मंडलियों के आने की उम्मीद है। ढोल सागर में भी करीब सौ से अधिक टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। आयोजक अनुसूया प्रसाद सुंदरियाल ने बताया कि महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए तैयारियों शुरू कर दी गई है।

### मकान मालिकों से वसूले 1 लाख 10 हजार

श्रीनगर गढ़वाल : चौरास चौकी पुलिस ने चौरास क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान 50 बाहरी लोगों का सत्यापन किया गया। चौरास चौकी प्रभारी सत्येंद्र भंडारी ने बताया कि बिना सत्यापन के किराए पर रखने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को चौरास चौकी क्षेत्रांतर्गत चलाए गए सत्यापन अभियान में 11 मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन न कराए जाने पर पर 1 लाख 10 हजार का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सभी ऐसे लोग जिन्होंने किराए में बाहरी लोगों को रखा हुआ है वह उनका सत्यापन अवश्य करवा ले।

## जय हो संगठन ने सुधांशु को बनाया अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ चुनाव 2023-24 के लिए जय हो छात्र संगठन ने अध्यक्ष पद पर सुधांशु थपलियाल को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। मंगलवार को संगठन की ओर से गढ़वाल मंडल विकास निगम के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई।

जय हो छात्र संगठन के गढ़वाल संयोजक पुष्पेंद्र पंवार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निशांत प्रताप कंडारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिव्यांशु बहुगुणा ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि जय हो संगठन लगातार छात्र हितों को लेकर विवि में संघर्ष करता आ रहा है। जिसका परिणाम रहा कि छात्रों ने उन पर अपना विश्वास जताया और संगठन के प्रत्याशी को अध्यक्ष पद पर जीत दिलाई। इस मौके पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुधांशु थपलियाल ने कहा कि विवि के प्रत्येक छात्रावास के लिए एक-एक एंबुलेंस, शिक्षकों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति, स्पोर्टस मीट करवाने, प्लेसमेंट की सुविधा दिलाए जाने, चौरास परिसर में नए छात्रावासों के निर्माण, पूर्व की भांति छात्रों को पीजी कक्षाओं में 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज का लाभ दिलाने, बीएससी होम साइंस विषय संचालित करवाने, छात्रों की सुविधा के लिए पांच नई बसों की मांग व बीकॉम आनर्स खुलवाने के मुद्दों को लेकर वह छात्रों के बीच जाएंगे। इस मौके पर शिवकांत कंडारी, विपिन रावत, कैवल्य जखमोला, वीरेंद्र, पुनीत अग्रवाल, विकास चौहान आदि मौजूद रहे।

## खो-खो में दुगडडा ने मारी बाजी

### शरदकालीन क्रीडा प्रतियोगिता शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शिक्षा विभाग की शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतियोगिता में जिले के 15 ब्लाकों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

मंगलवार से कंडोलिया मैदान में शुरू हुई प्रतियोगिता खो-खो अंडर-14 बालिका वर्ग में दुगडडा ने एकेश्वर को 5-2, बालक वर्ग में कल्जीखाल ने खिर्सू को 5-3 से हरा दिया। बालिका अंडर-17 में द्वारीखाल ने नैनीडांडा को 10-0, पोखड़ा ने एकेश्वर को 8-2, बालक वर्ग में पोखड़ा ने थलीसैंण को 12-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। कबडडी अंडर-14 बालक वर्ग में रिखणीखाल व बालिका में दुगडडा विजेता रहा। अंडर-17 कबडडी बालिका में खिर्सू ने पोखड़ा व बालक में दुगडडा ने पौड़ी को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, विशिष्ठ अतिथि एडी प्रारंभिक शिक्षा वीएस रावत, सीईओ दिनेश चंद्र गौड़, बीईओ पौड़ी सावेद आलम ने किया। प्रतियोगिता में अजय भारती, जयकृत भंडारी, संतोष, राजीव रावत, सतीश कंडारी, बबीता रावत, राजेंद्र रावत आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## छात्र संघ चुनाव के लिए बनाई जाएगी विशेष कार्य योजना : गुसांई

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर कोतवाली के नवनियुक्त कोतवाल विनोद गुसांई ने पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर में छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी। इसके अलावा नगर क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था, नशे पर रोक लगाने, नशे की लत के शिकार हो चुके युवाओं की काउंसलिंग पर विशेष रुप से फोकस रहेगा।

कोतवाली श्रीनगर में नवनियुक्त कोतवाल विनोद गुसांई ने कहा कि चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ावों में श्रीनगर अहम पड़ाव है। यहां यातायात व्यवस्था को सुचारु व सुनियोजित रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कहा राजमार्ग पर सफेद पट्टी से बाहर कोई भी वाहन खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। कहा सामूहिक जिम्मेदारी से ही यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सकेगा। उन्होंने लोगों से साइबर क्राइम की घटनाओं से सतर्क रहने की अपील भी की। कहा साइबर अपराधी परिचित, परिजन व नजदीकी व्यक्ति बनकर ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से धनराशि की मांग करते हैं, बिना ठोस पहचान के लेनदेन में सावधानी बरतें। इससे पूर्व उन्होंने कोतवाली श्रीनगर के समस्त पुलिस अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जनता से बेहतर व्यवहार रखने व कोतवाली में आने, दूरभाष या आकस्मिक नंबरों पर संपर्क करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही करने को कहा। (एजेंसी)

## ग्राम प्रहरियों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

नई टिहरी : उत्तराखंड ग्राम प्रहरी यूनियन से जुड़े लोगों नौ सूत्रीय मांग को लेकर नई टिहरी में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से सभी मांगों पर जल्द उचित कार्यवाही की मांग की है, इस संबंध में उन्होंने सीएम को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मंगलवार को उत्तराखंड ग्राम प्रहरी यूनियन टिहरी से जुड़े ग्राम प्रहरियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले नई टिहरी स्थित सुमन पार्क से कलक्ट्रेट तक रैली निकाली।




संगठन जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस और राजस्व विभाग के अधीन करीब दो दशकों से अधिक समय एक न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरियों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किये जाने, सरकारी कर्मचारियों की भांति उन्हें भी प्रतिमाह एक निश्चित तिथि पर वेतन देने, ग्राम प्रहरियों का लंबित मानदेय जल्द निर्गत करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम प्रहरियों को परिचय पत्र, वर्दी, त्योहारों पर बोनस भत्तों, के साथ सामाजिक सुरक्षा का लाभ भी देने की मांग की।

कहा जल्द ग्राम प्रहरियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है,त ाे उन्हें आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। रैली में संगठन जिला सचिव रमेश लाल, सीटू जिलाध्यक्ष विशाल सिंह राणा, विनोद चंद्र, मनोहर लाल, सुंदर राणा, जवाहर बिष्ट, रमेशचंद्र पैन्यूली, राम सिंह, दिनेश, शंकरपाल, विजयराम, हरिओम प्रसाद, शिवलाल, गोविंद प्रसाद, कुशाल सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## एनएसयूआई ने कालेज गेट पर जड़ा ताला, फूंका कुलपति का पुतला

चमोली : छात्रों की विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं होने से छात्र-छात्राओं की नाराजगी बढ़ गयी है। मंगलवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए धरना प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर कॉलेज गेट पर श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति का पुतला फूंका। मंगलवार को एनएसयूआई के छात्रों ने कॉलेज गेट पर विवि के कुलपति व परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका। छात्रों ने प्राचार्य का घेराव करने के बाद महाविद्यालय में तालाबंदी कर दी।

उनका कहना है कि विवि की ओर से परीक्षा देने के बावजूद छात्र-छात्राओं को अनुपस्थित दिखाया गया है।

## डीएम ने चारधाम यात्रा व्यवस्था सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए लिए सुझाव

चमोली : जनपद में चारधाम यात्रा सिस्टम को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े समस्त अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान संचालित यात्रा अनुभवों और मौजूदा व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और यात्रा सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए सुझाव लिए गए। बद्रीनाथ तथा हेमकुंड यात्रा में श्रद्वालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में यात्रा मार्गों में श्रद्वालुओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं और व्यवस्थाओं में सुधार करना होगा। उन्होंने पूरे यात्रा सीजन के लिए एक समर्पित सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। नगर निकायों को यात्रा पढ़ाव एवं यात्रा मार्गों पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सफाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव लिए। यात्रा के दौरान ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग, आवास, भोजन, पानी, शौचालय एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ करने को कहा।

हेमकुंड यात्रा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट, पैदल मार्ग चौड़ीकरण, पशु शेड एवं शौचालय निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। लोनिवि को कोठिया सैंण-नंदप्रयाग मोटर मार्ग चौड़ीकरण हेतु तैयार की गई डीपीआर शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। पर्यटन विभाग को यात्रा मार्ग पर शुलभ शौचालयों के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस यात्रा सीजन के अनुभवों को लेकर भविष्य में चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए अपने सुझाव दें। जिलाधिकारी ने मौजूद यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने एनएचआईडीसीएल और बीआरओ को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में मशीनें लगाते हुए यात्रा मार्ग से तत्काल मलबे को साफ करें और दोनों तरफ से बिना रूकावट वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की जाए।

### 8 अक्टूबर को होगें मिस एंड मिस्टर प्रतियोगिता के ऑडिशन

श्रीनगर गढ़वाल : अदिति स्मृति न्यास में 8 अक्तूबर को मिस, मिसिस एवं मिस्टर मॉडलिंग प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन होंगे। प्रतियोगिता की आयोजक और मिसेज गढ़वाल 2021 नीलम ढौंडियाल ने बताया कि ऑडिशन 10 बजे से शुरू होंगे। कहा ऑडिशन में सफल रहने वाले प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग करने से पहले चार दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ग्रैंड फिनाले नवंबर में होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्तराखंड के सांस्कृति परिधानों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 16 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियां भाग ले सकती हैं। जबकि मिसिस व मिस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए अधिकतम उम्र 40 वर्ष रखी गई है। उन्होंने कहा कि पहाड़ में एक से बढ़कर एक प्रतिभाएं हैं।

## पर्यटक ग्राम के तौर पर विकसित होंगे घिमतोली क्षेत्र के गांव : शैला रानी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत सोमवार को घिमतोली क्षेत्र में पहुंची विधायिका ने स्वारी-ग्वांस स्थिति अमृत सरोवर का अनावरण किया, वहीं मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत क्षेत्र के शहीदों के आंगन की मिट्टी भी एकत्रित की। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज घिमतोली एवं श्री कार्तिकेय आदर्श बाल विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक गीतों पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।



श्री कार्तिकेय आदर्श बाल विद्यालय घिमतोली में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची विधायिका शैला रानी रावत, खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शैला रानी ने कहा कि घिमतोली क्षेत्र का नैसर्गिक सौंदर्य आज देश-विदेश में पहचान बना रहा है। भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर का मुख्य पड़ाव होने के चलते दर्शनों को पहुंचने वाले श्रद्धालु क्षेत्र के नैसर्गिक सौंदर्य के कायल हो रहे हैं। आगामी वर्षों में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ने जा रही है, ऐसे में घिमतोली क्षेत्र के सभी गांव को पर्यटन ग्राम के तौर पर विकसित किया जाएगा। शासन स्तर पर पर्यटन सचिव समेत अन्य संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में लगातार वार्ता की जा रही है। उन्होंने कहा कि भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है इसमें स्थानीय ग्रामीणों का शुरुआत से ही पूर्ण सहयोग रहा है। मंदिर पहुंचने के लिए रोपवे का कार्य भी जल्दी शुरू होने जा रहा है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अनीता पवार एवं खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने वक्तव्य छात्र-छात्राओं के बीच रखे। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य घिमतोली अर्जुन सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य घिमतोली मगन सिंह, प्रधान बसंती नेगी, अमित प्रदाली, जिला मंत्री भाजपा गंभीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह बर्थवाल प्रधानाचार्य आशुतोष बिष्ट कार्तिक स्वामी समिति के प्रबंधक पूरण सिंह नेगी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**भंडार की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा**
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद–244001 द्वारा संभरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 97235565 | Supply of ISI marked LT XLPE insulated 1100 Volt grade confirming to IS 7098(pt.1) 1988 amendment No. 1 to 3 or latest, armoured aluminium conductor cable. size 4 core 25 sq mm. | 27000 MTR | बयाना राशि (₹) ₹3,27,510/- अनुमानित मूल्य (₹): ₹1,63,75,500/- |
| 2. | 97235565 | Supply of ISI marked LT XLPE insulated 1100 Volt grade confirming to IS 7098(pt.1) 1988 amendment No. 1 to 3 or latest, armoured aluminium conductor cable. size 2 core 70 sq mm. | 67500 MTR | निविदा खुलने की तिथि 31.10.2023 |

**निविदा शर्तें** : पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई–टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार द्वारा आईटी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास–III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

पत्र सं.: 13/वरि० मं० सा० प्र०/2022 दिनांक : 03.10.2023

3061/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सचिव सिंचाई के खिलाफ महासंघ ने खोला मोर्चा

### –महासंघ को वार्ता के लिए न बुलाने पर 17 अक्तूबर से चरणबद्ध आंदोलन का किया ऐलान

देहरादून। सिंचाई विभाग कर्मचारी महासंघ ने सचिव सिंचाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने कर्मचारियों की 21 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर सचिव स्तर से वार्ता का समय न देने पर 17 अक्तूबर से चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया। 27 अक्तूबर से कर्मचारी पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। सचिव सिंचाई को भेजे आंदोलन नोटिस में अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री राकेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री अफसरों को स्पष्ट आदेश दे चुके हैं कि कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण को नियमित रूप से बैठकों का आयोजन हो। इसके बाद भी सचिव स्तर से वार्ता का समय नहीं दिया जा रहा है। कई बार समय मांगने के बाद भी न दिए जाने पर महासंघ आंदोलन को मजबूर हुआ है। इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है। 17 अक्तूबर को प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग देहरादून ऑफिस में धरना दिया जाएगा। 25 से 27 अक्तूबर के बीच प्रदर्शन किया जाएगा। 27 अक्तूबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान होगा। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह नगरकोटी, बीएस डांगी, अनिल सिंह पंवार, भुवनेश्वर प्रसाद, बिशन गिरी, बलराम कुर्मी, दिलीप रावत, बीएस चौहान, जयप्रकाश यादव, निशंक सिरोही, सबर सिंह रावत, जंबू प्रसाद, सत्य प्रकाश डंगवाल, महेश प्रसाद उनियाल, दीपक शर्मा, टोनी सिंह, ओमप्रकाश भट्ट शामिल रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी**

पत्रांक 1272/दो-लेखा/शुद्धि पत्र /2023-24 दिनांक 03/10/2023

''शुद्धि पत्र''

इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0-1176/दो-लेखा-15/निविदा सूचना/2023-24 दिनांक 15/09/2023 के द्वारा निर्माण कार्यो की दिनांक 03-10-2023 को आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से दिनांक 12-10-2023 को 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 11-10-2023 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक बेची जायेंगी। निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड पौड़ी।

सम्पादकीय

# स्वास्थ्य अधिकारी तलाशेंगे अपनी कमियां

उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर से सरकार ने इसकी दशा सुधारने के लिए प्रयास किए हैं जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जनपदों में स्थानीय लोगों से स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को लेकर जानकारियां लेंगे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में आमजन को अवगत भी करेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की माने तो यह कार्य इसलिए किया जा रहा है ताकि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सहज सुलभ और हर व्यक्ति तक पहुंच का बनाया जा सके। चिकित्सकों की विभागीय टीम राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक केन्द्रों एवं वैलनेस सेंटरों का निरीक्षण कर तमाम सुविधाओं की जानकारी इकट्ठा कर विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेंगे। इसके लिए सरकार की ओर से जनपद स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा जो आमजन से स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं को लेकर बात करने के पश्चात उसकी रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराएंगे। एक दिशा में सोच तो सरकार का यह कदम सराहनीय हो सकता है तो वहीं दूसरी ओर यह काफी हास्यास्पद भी है क्योंकि यह वही स्वास्थ्य अधिकारी है जो प्रदेश की स्वास्थ्य नीति का संचालन करते हैं और भली–भांति जानते हैं कि किस जनपद में स्वास्थ्य संबंधी क्या परेशानियां है और लोगों को उपचार के लिए किन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है? यदि नीति निर्धारकों को ही जनपदों में जाकर अपने विभाग की कमियां ढूंढनी पड़े या अपनी अच्छाइयां बतानी पड़े तो समझ लेना चाहिए कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य में पूरी तरह से पारंगत नहीं है। एक महीने के इस सर्वे कार्य में स्वास्थ्य अधिकारी ऐसा क्या अलादीन का जिन ढूंढ निकालेंगे जो राज्य के सामने नहीं है यह जरूर रिपोर्ट में देखने वाली बात होगी। हां इतना जरूर है कि यह रिपोर्ट मंत्रालय या विभाग सार्वजनिक करेगी या नहीं इसकी प्रतिष्ठा तो आम नागरिक करेगा ही। हालांकि यह भी स्पष्ट है कि इस प्रकार के अभियान जो भी विभागों द्वारा चलाए जाते हैं उनकी रिपोर्ट ना तो कभी उजागर होती है और ना ही उनमें बताए गए बिंदुओं पर कभी गंभीरता से कार्य किया जाता है। उत्तराखंड में स्वास्थ्य सुविधाएं अभी भी पटरी पर खरीद साबित नहीं हुई है खास तौर से मौसमी बुखार एवं दूसरी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ताश के पत्तों की तरह ढहती हुई पूरे प्रदेश ने देखी है। सबसे महत्वपूर्ण तो यह है कि जो व्यवस्थाएं वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्रों में चलाई जा रही है वह पुख्ता तौर पर सभी मरीजों को उपलब्ध हो इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रभावी ढंग से मॉनिटरिंग की जरूरत है जिस पर अब तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान मौसम में डेंगू एवं आम बुखार ने आम आदमी को बुरी तरह परेशान किया है और जिस प्रकार की व्यवस्थाएं सामने आई है उसने सरकारी स्वास्थ्य को कटघरे में ला खड़ा किया है। वैसे तो स्वास्थ्य मंत्रालय का एक महीने का यह प्रयास प्रभावी साबित होगा इसकी संभावनाएं कम ही है, यदि फिर भी इसका कुछ भी असर नजर आया या उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं में यदि अंश मात्र भी सुधार हुआ तो यह उपचार्थ लोगों के लिए लाभप्रद ही साबित होगा।

# 'इंडिया' के नेता न समझें हैं, न समझेंगे!



**हरिशंकर व्यास**

गौर करें राहुल गांधी पर। इन दिनों क्या कर रहे है? रेलवे स्टेशन जा कर कुलियों के बीच बैठ, सिर पर सामान की पोटली उठा भरोसा दिला रहे है कि वे रेलवे को नहीं बिकने देंगे! फर्नीचर मार्केट में जाकर आरी और रंदा चला रहे हैं। समझ नहीं आता कि खडग़े, राहुल–प्रियंका व 'इंडिया' के नीतीश कुमार, अखिलेश, केजरीवाल आदि इन सबके कौन हैं सलाहकार। इतना भी नहीं देख–बूझ रहे हैं कि नरेंद्र मोदी के नैरेटिव, प्रोपेगेंडा, झूठ के पैमाने चंद्रलोक, सूर्यलोक, विश्वगुरूता के हैं वही राहुल, नीतीश, केजरीवाल छोटी–छोटी बातों, रेवडिय़ों के वादों, झूठ के सामान्य प्रोपेगेंडा से मोदी को हराने के सपने देख रहे हैं।

सुना था कि विपक्ष की बैठक में कांग्रेस और केजरीवाल की मीडिया–सोशल मीडिया टीम में कोऑर्डिनेशन और साझा रणनीति का फैसला हुआ था। पर ऐसा होता तो पिछड़ों के आरक्षण, जाति जनगणना में आरक्षण, कुलियों व रेल यात्रियों के बीच फोटोशूट जैसी बातें, जैसे झांसे, छोटे–छोटे झूठ और वादे क्या राहुल गांधी, नीतीश, केजरीवाल करते?

तुलना करें नरेंद्र मोदी के विश्व नेताओं के संग के फोटोशूट बनाम राहुल गांधी के कुलियों के संग फोटो पर? सपने देखने वाली, मुंगेरीलाल हिंदू लोगों में मोदी के फोटो सुपर हिट हुए होंगे या राहुल गांधी के? नीतीश कुमार के गुरू रहे दिवंगत शरद यादव मंडलवादी नेता थे। मेरी बड़ी अभिन्नता थी। सन् 85–86 की बात रही होगी, मैंने गपशप में उनके फिरोजशाह रोड के सरकारी मकान पर लिखा। चरण सिंह–देवीलाल के संग समाजवादी राजनीति करने वाले शरद यादव ने अपने मकान में चार–छह एसी लगवा रखे हैं, यह मेरे लिए उस वक्त न पचने वाली बात थी तो मैंने गपशप में शरद यादव को लपेटा। उन्होंने मेरे रिपोर्टर के जरिए मेरे से बात की और मुझे हिंदुओं की राजनीति का बड़ा सूत्र समझाया– आपके लिखने से तो मेरी वाह हो गई। जरा भारत के लोगों को समझें। हम गुलाम रहे हैं। हम लोग हाकिम की पूजा करते हैं। वह जितने वैभव में, तामझाम में रहेगा उतना ही जनता में उसका रूतबा बढ़ेगा। हाथी की सवारी होनी चाहिए, नौकर–चाकर हो, ठाठ–बाट के किस्से बनें। नेता बड़ी बातें करता हुआ, शान वाला हो। पता है नेहरू के किस्से चलते थे कि उनके कपड़े पेरिस से धुल कर आते हैं और वे दुनिया को जानने वाले अकेले नेता हैं। ब्रितानियों के साथ उठते–बैठते हैं। तभी नेहरूओं का आनंद भवन उत्तर भारत के लोगों में किवदंती बना। नेहरू ने जो कहा उसे लोगों ने माना।

और सचमुच मैं खुद लगातार गवाह हूं कि विदेशी हुकूमतों की गुलामी से बने हम हिंदुओं के मनोविज्ञान में नेता हमेशा वह हिट हुआ है, जिसने अपने साथ किवदंती (स्वाभाविक तौर पर महाझूठी) बनाई। नरेंद्र मोदी को ले कर किवदंती, याकि लोगों की धारणा झूठों के महाप्रोपेगेंडा से भरी वह दंतकथा है, जिसमें वे हिंदुओं में पृथ्वीराज की इमेज में हैं तो मगरमच्छ को मारने वाले, फिर कल्कि अवतार होने से लेकर चायवाले, चौकीदार, शेर, विश्वगुरू आदि के असंख्य ऐसे छापे हैं, जिनकी असलियत जानते हुए भी विपक्ष के नेता न उनके महाझूठों को काटने वाला नैरेटिव बना सकते है और उनसे मुकाबले के लिए अपनी बड़ी किवदंती बना पाते हैं। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी होने की छोटी सी किवदंती बनाई थी लेकिन वह अब पंक्चर है। बावजूद इसके मेरा मानना है कि झूठ को महाझूठ, वैश्विक पैमाने का बनाने में विपक्ष समर्थवान केवल केजरीवाल हैं। इसी को समझते हुए नरेंद्र मोदी ने मई 2024 के चुनावी कैलेंडर से ठीक दो–तीन महीने पहले सीबीआई से जेल में रखने का बंदोबस्त कर डाला है। ताकि 'इंडिया' का नैरेटिव बन ही न पाए। तय मानें कि मनीष सिसोदिया की तरह छह महीने भी केजरीवाल जेल में बंद रहे तो उनकी जगह दिल्ली को संभालते हुए भी आतिशी या राघव चड्ढा वह कुछ नहीं कर पाएंगे जो केजरीवाल बाहर रह कर मोदी को ललकारते हुए करते। विपक्ष की बुलंद आवाज बनते।

सो, जगतगुरू, विश्वबाहुबली, पाकिस्तान–चीन–कनाडा सबको ठोक हिंदुओं का गौरव बढ़ाने की तमाम असत्यताओं के सुपरस्टार नरेंद्र मोदी से मुकाबले में विपक्ष की पहली जरूरत यह है कि वे लोगों को मोदी से भी बड़े सपने दिखाएं। वे पांच वर्षों में भारत भूमि पर स्वर्ग उतारने की घोषणाएं करें। वह ऐसे जोर से ढोल बजाएं कि लोग जादूगर मोदी के जादू को देखते–देखते यह सुन कर पाला बदल लें कि इधर आओ और लो हमसे सोने की ईंट।

हां, राहुल–केजरीवाल व 'इंडिया' बाकायदा लिखित वादा करें कि हमें जिताओ तो हम सत्ता में आते ही अंबानी–अडानी की संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण करेंगे। उनकी नीलामी से जो पैसा आएगा वह इतना होगा कि हर बीपीएल परिवार को छह महीने में हम सोने की ईंट देंगे। कोई माने या न माने राहुल–केजरीवाल दोनों की पुरानी जिद्दी इमेज में इस वादे को लोग खरा मानेंगे। केजरीवाल को यह भी ऐलान करना चाहिए कि मैं हनुमानजी का परम भक्त। इसलिए मोदीजी तो आडवाणी के आंदोलन में अयोध्या में राम मंदिर का झूठा श्रेय ले रहे हैं। जबकि मेरा संकल्प है कि मैं चंद्रमा पर पवनपुत्र हनुमानजी का मंदिर बनवाऊंगा। मैं आईआईटी से पढ़ा हुआ है। मैंने वैज्ञानिकों के साथ बैठ कर प्लान बना लिया है 'इंडिया' गठबंधन का चंद्रयान मिशन होगा हनुमानजी की मूर्ति को चंद्रमा पर ले जा कर वहां उसकी स्थापना का। 'इंडिया' सरकार के अंतरिक्ष अभियान में पहला लक्ष्य अब यह होगा कि हिंदुओं के सभी प्रमुख भगवानों की मूर्तियों को पहले सौर्य मंडल के हर ग्रह में स्थापित किया जाए ताकि अंतरिक्ष में हिंदुओं का पहले डंका बजे ज्.आदि, आदि।

हां, कल्पना के घोड़े दौड़ाते जाएं तो वायदों, घोषणाओं, रेवडिय़ों का विपक्षी नेता ऐसा भूचाल बना दें सकते है कि नरेंद्र मोदी जहां सन् 2050 में भारत के विकसित देश बनने का झूठ बोलते हुए होंगे वही 'इंडिया' अपने घोषणापत्र में पांच वर्षों में गुजरात के दस खरबपतियों की संपत्ति के राष्ट्रीयकरण से बीपीएल कार्डधारी परिवारों को सोने की ईंट बांटने, निम्नमध्यवर्गीय परिवारों के लडक़े–लड़कियों को विदेश में नौकरी की गारंटी देने, मध्यवर्गियों को अमेरिका, कनाडा याकि दुनिया भर के वीजा दिला कर उन्हें वहां बसाने की प्रतिज्ञा सुनने को मिले। सब संभव है। मोदीजी यदि चमत्कारी हैं तो राहुल, केजरीवाल तो ज्यादा पढ़े–लिखे हैं। विदेशियों से अच्छी अंग्रेजी में बात करते हैं। केजरीवाल, नीतीश इंजीनियर हैं। यदि नरेंद्र मोदी पाकिस्तान–कनाडा को औकात बतलाने वाले शेर बने हैं तो राहुल गांधी व केजरीवाल के लिए तो अमेरिका, कनाडा, सऊदी के नेता दौड़े चले आएंगे। मोदी के बिगाड़े रिश्तों को सुधारने के लिए बाइडेन और ट्रूडो से विपक्ष के इस फार्मूले को मजे से मानेंगे कि कनाडा में भारत के एक करोड़ नौजवानों को हम बसवाने की गारंटी लेते हैं।

जी–7 ग्रुप के देश भारत के दो करोड़ हिंदुओं को नौकरी देंगे। हम सत्ता में आए तो पांच वर्षों में पांच करोड़ लोगों को विदेश में बसाएंगे। पाकिस्तान का भारत में विलय कराएंगे। चुनाव जीतने के बाद सौ दिनों के भीतर पीओके को भारत में मिलाएंगे। और भारत मां के बेटे अरविंद केजरीवाल का यह वादा है कि 'इंडिया' गठबंधन सरकार एक साल के भीतर चीन पर हमला करके भारत की जमीन छुड़वाएगा। हमने सैनिक–सामरिक और विदेशी थिंक टैंकों से बात कर ली है और रोडमैप बनाया हुआ है। यह देखो, मेरे हाथ में जो फाइल है यह उसी प्लान की है। आदि, आदि।

मतलब नरेंद्र मोदी से विपक्ष बहुत बड़ा सोचे, बड़े वायदे करे, बड़ी फट्टेबाजी करें तब तो मुकाबला होगा नहीं तो पृथ्वी को अपने श्रीमुख से दिखलाते हुए मोदी की और पिछड़े हिंदू भी दौड़े रहेंगे तो कुली और रेल यात्री भी। बडा, विशाल झूठ, बोलो।एवरेक्ट के आकार के बड़े–बड़े झूठ बोलो, तभी चुनावी लड़ाई बनेगी। अन्यथा फिलहाल तो मामला एकतरफा है। और हां, राहुल, केजरीवाल, नीतीश कुमार, अखिलेश आदि को रत्ती भर यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके झूठे वादों पर जनता क्या सोचेगी? क्या जनता ने हर घर को पंद्रह लाख रुपए देने के नरेंद्र मोदी के वादे पर कुछ सोचा? क्या अच्छे दिन आए? क्या नौजवानों को रोजगार मिला? क्या स्मार्ट सिटी बनी? क्या किसान की आमदनी दो गुना बढ़ीज् आदि–आदि। हम हिंदू न सोचते हैं, न फील करते हैं। हम तो भक्त होते हैं, सपने देखते हैं, मुंगेरीलाल के इलहामी फितूरों में जीते हैं कि देखो, देखो, कनाडा, पाकिस्तान, चीन और दुनिया को जीत कर महाराजाधिराज पधारे हैं।

हां, राहुल–केजरीवाल व 'इंडिया' बाकायदा लिखित वादा करें कि हमें जिताओ तो हम सत्ता में आते ही अंबानी–अडानी की संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण करेंगे। उनकी नीलामी से जो पैसा आएगा वह इतना होगा कि हर बीपीएल परिवार को छह महीने में हम सोने की ईंट देंगे। कोई माने या न माने राहुल–केजरीवाल दोनों की पुरानी जिद्दी इमेज में इस वादे को लोग खरा मानेंगे। केजरीवाल को यह भी ऐलान करना चाहिए कि मैं हनुमानजी का परम भक्त।

# मालदीव में चीन की जीत!



**श्रुति व्यास**

भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। मालदीव को जो नया राष्ट्रपति मिला है वह चीन समर्थक हैं। मोहम्मद मुइज्जु राष्ट्रपति निर्वाचित हुए है। सो फिर भारत और इस द्वीपसमूह के रिश्तों में गिरावट आएगी। मुइज्जु एक ऐसी पार्टी के नेता हैं जिसके पिछले शासनकाल में चीन से भारी कर्ज लिया गया था। अपने लक्जरी सीरिसार्टों और विख्यात पर्यटकों के लिए मशहूर द्वीपों के इस देश का ताजा चुनावी फैसला भारत को पसंद नहीं आ सकता है। भारत को माले में अपना रणनीतिक प्रभाव कायम रखने में निश्चित ही बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

हालांकि यह खींचातानी नई नहीं है। परस चुनाव में भारत बनाम चीन का नैरेटिव चरम सीमा पर पहुंचा। चुनाव में मोहम्मद मुइज्जु ने सत्तासीन मोहम्मद सोलह को पराजित किया है। उन्होंने प्रचार के दौरान ही साफ़ कर दिया था कि मालदीव पर भारत के कथित प्रभाव को कम करना उनके एजेंडे में काफी ऊपर है। सन् 2018 में अपनी चकित कर देने वाली चुनावी जीत के बाद सोलेह अपने देश और भारत झ्र जिससे उसके काफी पुराने सम्बन्ध रहे हैं झ्र को नज़दीक लाए थे।उन्होने चीनी निवेश पर अंकुश लगाया था। चुनाव प्रचार के दौरान मुइज्जु ने सोलेह पर आरोप लगाया था कि वे भारत से नजदीकियां बढ़ा रहे हैं, भारतीय सेना को मालदीप में आने दे रहे हैं और भारत को मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।

मालदीव बिखरे हुए द्वीपों के समूह का देश है। इसकी जनसंख्या केवल पांच लाख है। लेकिन भारत, चीन और पश्चिम सभी के लिए यह रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है। यह पूर्व–पश्चिम मालवाहक समुद्री मार्ग पर है जिससे कई महत्वपूर्ण सामानों का परिवहन होता है। इनमें खाड़ी से चीन को भेजा जाने वाला कच्चा तेल भी शामिल है। मालदीव को हिंद महासागर में भूराजनैतिक प्रभाव एवं नियंत्रण कायम करने के दरवाज़े के रूप में भी देखा जाता है, खासतौर से चीन के लिए, जो इस क्षेत्र में जोरशोर से अपना दबदबा कायम करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन यह भी सही है कि मालदीव कब क्या कर देगा, यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल है। यहाँ तीन दशकों की तानाशाह सरकार के बाद सन् 2008 में लडख़ड़ाता सा लोकतंत्र कायम हुआ। लोकतांत्रिक शासन में यहां की विदेश नीति, चीन और भारत के बीच झूलती रही और राजनीति में जबरदस्त भ्रष्टाचार और अपराधीकरण का बोलबाला रहा।

भारत के लिए हिंद महासागर में,अपने नजदीकी इलाके में चीनी प्रभाव न बढऩे देना बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए वर्तमान सोलेह सरकार के कार्यकाल में भारत ने मालदीव में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में 2 अरब डालर से अधिक का निवेश किया। साथ ही प्रशिक्षण एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया। इसका एकमात्र उद्देश्य अपना प्रभाव बढ़ाना था। इसी साल विदेश मंत्री एस जयशंकर मालदीव गए और उन्होंने वहां देश को दो समुद्री एबूलेंस प्रदान कीं, कई विकास समझौतों पर हस्ताक्षर किए, और इस बात पर जोर दिया कि भारत मालदीव की मदद के लिए "हमेशा तैयार" है। दोनों देशों के संबंध इतने मजबूत और गहरे थे कि माले में भारतीय संस्कृति केन्द्र खोला गया। क्षेत्रीय सुरक्षा भारत सहित दूसरे सभी देशों के लिए महत्वपूर्ण है। तभी सरकारों ने मालदीव में इस्लामिक कट्टरवाद और जिहादवाद की ओर उतना ध्यान नहीं दिया जितना दिया जाना चाहिए था। जुलाई में अमरीकी वित्त विभाग ने मालदीव में सक्रिय ऐसे 20 नेताओं और धन सुलभ करवाने वाले लोगों की सूची जारी की थी जो आईएसआईएस–खोरसान और अलकायदा से जुड़े हुए हैं।

सन् 2022 में पूर्व राष्ट्रपति यामीन ने ''भारत को भगाओ" अभियान शुरू किया था जिसे कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों का समर्थन मिला। हालांकि सोलेह ने इस अभियान को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बताते हुए इस पर बिना देरी किये पाबंदी लगाई लेकिन इससे भारत विरोधियों को बल मिला। चुनावों के आसपास माहौल इस हद तक भारत विरोधी हो गया था कि पिछले सप्ताह मालदीव में भारतीय उच्चायोग को एक वक्तव्य जारी कर स्थानीय मीडिया में आ रही उन खबरों को 'झूठा' बताना पड़ा जिनका लक्ष्य "उच्चायोग के अधिकारियों को धमकाकर भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों पर दुष्प्रभाव डालना" था।लेकिन मुइज्जू की जीत का मतलब है कि चीन और मालदीव की नजदीकियां बढ़ेंगी जिसका बुरा असर भारत पर पड़ेगा। यह तो समय ही बताएगा कि भारत हिंद महासागर में अपनी स्थिति कायम रखने में आगे कितनी दिक्कतों का सामना करेगा।

# चुनाव के सीजन में विश्व कप क्रिकेट

भारत में चुनावों का सीजन शुरू होने वाला है। चुनाव आयोग किसी भी समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर सकता है। पांच राज्यों के चुनाव खत्म होने के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। उससे पहले अक्टूबर–नवंबर में पांच राज्यों के चुनाव होंगे और चुनावों के बीच विश्व कप क्रिकेट के मुकाबले चल रहे होंगे। हालांकि चुनावी राज्यों में सिर्फ तेलंगाना के हैदराबाद में मैच रखे गए हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश में कोई मैच नहीं खेला जाना है। फिर भी विश्व कप क्रिकेट मुकाबले का आयोजन बड़े राजनीतिक महत्व का होने वाला है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की विश्वगुरू की इमेज को और मजबूत किया जाएगा।

चार अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक रंगारंग कार्यक्रम में विश्व कप मुकाबले का आगाज होना है। बताया जा रहा है कि भारतीय सभ्यता और परंपराओं के मुताबिक स्टेडियम और पूरे शहर को सजाया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूरे कार्यक्रम को गोपनीय रखा है। लेकिन जानकार सूत्रों के मुताबिक कार्यक्रम को ग्रैंड बनाने के लिए सारी तैयारी हो रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे? यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है, जिसे प्रधानमंत्री का नाम दिया गया है। अगर चार अक्टूबर को उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मौजूद रहते हैं और सभी 10 देशों के कप्तानों के साथ उनके वीडियो और तस्वीरें जारी होती हैं तो सोचें कैसा असर होगा? अगले दिन यानी पांच अक्टूबर को पहला मैच होगा। उस दिन पहली पहली गेंद फेंके जाते समय भी सरकार के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी हो सकती है। विश्व कप का फाइनल मैच 19 नवंबर को होने वाला है और वह भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। बताया जा रहा है कि फाइनल मैच देखने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत आ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा में वहां के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को विश्व कप मैच देखने के लिए भारत आने का न्योता दिया था। सो, अल्बनीज भी भारत के दौरे पर आ सकते हैं। सोचें, साल के अंत में ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत आते हैं और उसके बाद नए साल के पहले महीने में यानी जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति सहित क्वाड के चार देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत की यात्रा पर आते हैं और जो बाइडेन गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बनते हैं तो उसका कैसा मैसेज बनेगा? भारतीय दर्शकों के लिए क्रिकेट के विश्व कप का मतलब होता है भारत और पाकिस्तान का मुकाबला। अब तक विश्व कप में भारत पाकिस्तान को हराता आया है। इस बार भारत और पाकिस्तान का मैच 14 अक्टूबर को है और हैरानी नहीं है कि वह भी क्रिकेट की नई राजधानी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में है। उद्घाटन समारोह, भारत–पाकिस्तान मैच और फाइनल मैच का मौका राजनीति को साधने वाला साबित हो सकता है।

# अगर आप भी इस तरीके से पीते हैं नारियल पानी तो शरीर को हो सकता है नुकसान, जानें कौन सा है वो तरीका?

नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए अच्छा होने के साथ–साथ नुकसान भी पहुंचा सकता है. अब सवाल यह उठता है कि इतना हेल्दी चीज आपको नुकसान कैसे पहुंचा सकता है. तो जवाब है इसके पीने के तरीका. आप नारियल पानी किस तरीके से पीते हैं यह बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है. क्योंकि इसके तरीका में ही छिपा है इसके फायदे और नुकसान. बायोमेड रिसर्च ऑनलाइनमैगजीन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा नारियल पानी पीने से टॉयलेट में पोटेशियम की मात्रा बढ़ सकती है. जो जिंदगी के लिए खतरनाक है.

**हद से ज्यादा नारियल पानी सेहत के लिए नुकसानदायक है**

नारियल पानी एक नैचुरल इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर ड्रिंक है, जिसमें कैलोरी और चीनी कम होती है और इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम और आयरन होते हैं. नारियल पानी खुद को हाइड्रेट करने और तरोताजा महसूस करने के लिए बेस्ट है. खासकर गर्मियों में नारियल पानी आपके हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. हालांकि, किसी भी चीज़ को हद से ज्यादा पिया जाए तो वह सेहत के लिए नुकसानदायक होता है. यह शरीर में एलर्जी पैदा भी करता है.

**डायरिया** नारियल पानी पोटेशियम से भरपूर होता है. जबकि नारियल पानी हाइड्रेटिंग हो सकता है, अत्यधिक सेवन से दस्त हो सकता है. खासकर यदि आप इसकी उच्च पोटेशियम सामग्री के आदी नहीं हैं.

**हाई शुगर लेवल** हर किसी के पास ताजा नारियल फोडऩे का समय नहीं होता है, हर बार उन्हें इसके पानी की इच्छा होती है. कभी–कभी आपको स्टोर से खरीदे गए पहले से पैक नारियल पानी पर निर्भर रहना पड़ता है. हालांकि, नारियल पानी के कुछ व्यावसायिक ब्रांडों में अतिरिक्त शर्करा हो सकती है, जो इसके स्वास्थ्य लाभों को नकार सकती है. हमेशा अतिरिक्त शर्करा के लिए लेबल की जांच करें और प्राकृतिक, बिना चीनी वाली किस्मों का चयन करें.

**एलर्जी** हालांकि दुर्लभ, कुछ व्यक्तियों को नारियल पानी से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, पित्ती या सूजन जैसे लक्षण हो सकते हैं। यदि आपको एलर्जी का संदेह है, तो तुरंत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से परामर्श लें।

**दवाओं के साथ न पिएं**

नारियल पानी में स्वाभाविक रूप से पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो कुछ दवाओं से टॉयलेट में दिक्कत हो सकती है. और एसीई अवरोधकों के साथ परस्पर क्रिया कर सकता है. यदि आप दवा ले रहे हैं, तो नारियल पानी का सेवन बढ़ाने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श लें.

**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल परेशान**

कुछ लोगों के लिए, थोड़े समय में बड़ी मात्रा में नारियल पानी पीने से पेट में परेशानी, सूजन या ऐंठन हो सकती है.



## ओब्रेडोर ने पैरिशियन, प्रवासियों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**मेक्सिको सिटी ,एजेंसी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने सप्ताहांत में दो अलग–अलग घटनाओं में पैरिशियन और प्रवासियों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

ओब्रेडोर ने अपने दैनिक सुबह के संवाददाता सम्मेलन में पूर्वोत्तर तमाउलिपास राज्य के स्यूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिरने से मारे गए लोगों के रिश्तेदारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने दक्षिण–पूर्व चियापास राज्य में रविवार को राजमार्ग पर एक मालवाहक ट्रक के पलट जाने से क्यूबा की 10 प्रवासी महिलाओं की मौत पर भी शोक व्यक्त किया।

राष्ट्रपति ने गरीबी और अवसरों की कमी सहित उन मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता दोहराई जिनके कारण हजारों लोग बेहतर जीवन की तलाश में विदेश चले जाते हैं, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन और सीमा संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा, 'वे कई जोखिमों के साथ मेक्सिको से गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यापक योजना के साथ प्रवासन के कारणों को संबोधित करना आवश्यक है, यही कारण है कि उच्चतम प्रवासन दर वाले 10 देशों के विदेश मंत्री जल्द ही समाधान पर चर्चा करने के लिए एकत्र होंगे।

## सितंबर में यूएस–मेक्सिको सीमा पर दो लाख से अधिक प्रवासियों को पकड़ा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) के एक अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने सितंबर में मैक्सिको के साथ देश की सीमा को अवैध रूप से पार करते हुए दो लाख से अधिक प्रवासियों को पकड़ा, जो इस साल अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। नवीनतम आंकड़े में अगस्त की तुलना में वृद्धि देखी गई, जब सीमा गश्ती दल ने लगभग 1 लाख 81 हजार प्रवासियों को गिरफ्तार किया था। सितंबर की संख्या दिसंबर 2022 के बाद से सबसे अधिक है, जब दो लाख 22 हजार से अधिक प्रवासियों को पकड़ा गया था। हम सतर्क रहते हैं और उतार–चढ़ाव देखने की उम्मीद करते हैं, यह जानते हुए कि तस्कर कमजोर व्यक्तियों को शिकार बनाने के लिए गलत सूचना का इस्तेमाल करते रहते हैं। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि विभाग ने शरणार्थी प्रसंस्करण और परिवार पुनर्मिलन विकल्पों का विस्तार करते हुए मई से 2 लाख 81 हजार से अधिक व्यक्तियों को वापस लाया है।

## अमेरिका में स्थापित होगी डा. बीआर आंबेडकर की 125 फीट उंची प्रतिमा, अनावरण 14 को

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बी आर अंबेडकर की 19 फुट उंची प्रतिमा का अनावरण 14 अक्टूबर किया जाएगा। इसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' रखा गया है।आयोजकों के अनुसार, व्हाइट हाउस से 21 मील दूर एकोकेक शहर में 13 एकड़ भूमि पर स्थापित प्रतिमा हाल ही में हैदराबाद में अनावरण की गई दुनिया की सबसे बड़ी 125 फीट की अंबेडकर प्रतिमा के समान है।अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (एआईसी) के अनुसार, यह भारत के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा है, और संयुक्त राज्य अमेरिका में संगठन की पहली अंबेडकर मेमोरियल परियोजना का हिस्सा है। एआईसी ने एक बयान में कहा, हम समानता, मानवाधिकार और सशक्तिकरण में डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान करते हैं।यह प्रतिमा प्रसिद्ध मूर्तिकार, पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता राम सुतार द्वारा तैयार की गई है, जिन्होंने अहमदाबाद में सबसे उंची सरदार पटेल की प्रतिमा भी बनाई थी।

# नेपाल के भूकंप का नोएडा से सीधा नाता, पानीपत में मौजूद है फॉल्टलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल में आए 6.2 की तीव्रता के भूकंप का नोएडा से भी सीधा नाता जुड़ रहा है। भूवैज्ञानिकों की माने तो नेपाल में जिस तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया है उतनी तीव्रता का भूकंप रेड जोन के भूकंप की श्रेणी में माना जाता है। भू वैज्ञानिकों का कहना है कि तकरीबन डेढ़ महीने पहले 16 अगस्त को पहली बार नोएडा में भूकंप का केंद्र बना था। हालांकि उसे दौरान इसकी तीव्रता महज 1.6 की ही थी। लेकिन चिंता इस बात की जाहिर की गई थी कि दिल्ली एनसीआर में नोएडा के एक हिस्से में इसका केंद्र बन गया था। अब वैज्ञानिकों को चिंता इस बात की सता रही है कि पानीपत में मौजूद फॉल्टलाइन के चलते कहीं दिल्ली एनसीआर पर बड़े भूकंप का असर न दिखे। वहीं, वल्नेबरिलिटी काउंसिल आफ इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि दिल्ली–एनसीआर की हर उंची इमारतें तो असुरक्षित नहीं है। लेकिन अगर यहां सात की तीव्रता वाला भूकंप आया तो दिल्ली की कई सारी इमारतें और घर रेत की तरह बिखर जाएंगी।

नेपाल में आए मंगलवार को भूकंप के बाद भू वैज्ञानिकों ने एक बार फिर से इस बात पर चिंता जाहिर की है कि जिस तरीके से लगातार भूकंप की फ्रीक्वेंसी देखी जा रही है वह कभी भी किसी तरह की बड़ी आपदा के तौर पर सामने आ सकती है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर अन्ना.बी स्वामी कहते हैं कि दरअसल जिस सीस्मिक जोन में दिल्ली एनसीआर आता है वह जोन नंबर चार है। यह वह खतरनाक जोन है जहां पर 7 तीव्रता का भूकंप भी आ सकता है। हालांकि उनका कहना है कि नेपाल में आए भूकंप का सीधे तौर पर नोएडा में तब तक बड़ा असर नहीं हो सकता है जब तक की उसकी तीव्रता बहुत ज्यादा ना हो। लेकिन जिस जोन में नेपाल आता है इस कैटिगरी के जोन में दिल्ली और एनसीआर भी आता है। यह कहना कि नेपाल में आए भूकंप का असर दिल्ली एनसीआर में नहीं पड़ेगा या




उसके आफ्टर शॉक्स का असर यहां पर नहीं होगा यह बड़ी भूल हो सकती है। उनका मानना है कि दिल्ली एनसीआर के ही हिस्से में आने वाले पानीपत में वह फॉल्ट लाइन मौजूद है जिसके चलते भविष्य में किसी बड़ी तीव्रता वाले भूकंप की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**7 मैग्नीटिट्यूड से ज्यादा का आ सकता है भूकंप दिल्ली में**

वैज्ञानिकों का कहना है कि सिस्मिक जोन–4 में आने वाली राजधानी दिल्ली भूकंप के बड़े झटके से खासा प्रभावित हो सकती है। वरिष्ठ भूवैज्ञानिक और जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के पूर्व उपनिदेशक डॉक्टर एसएन चंदेल का कहना है सीस्मिक जोन 4 में आने वाले भूकंप की तीव्रता 7 मैग्नीट्यूड के करीब की हो सकती है। क्योंकि दिल्ली एनसीआर इसी जोन में आता है। ऐसे में अगर इतनी तीव्रता के भूकंप का केंद्र इसी इलाके की जमीन के नीचे होता है तो यह बहुत खतरनाक और बड़ी भीषण स्थिति हो सकती है। वरिष्ठ भू वैज्ञानिकों का मानना है कि बुधवार को नोएडा के नीचे बनने वाले भूकंप के केंद्र को कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी कम तीव्रता के भूकंप रोजाना हजारों की संख्या में देश और दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में आते हैं, जिनको की महसूस भी नहीं किया जा सकता है।

**यह कहती है वीसीआई की रिपोर्ट**

दिल्ली और एनसीआर में बीते कुछ सालों में आए भूकंप के बाद यहां की इमारतों की मजबूती को जांचने के लिए वल्नेबरिलिटी काउंसिल आफ इंडिया ने एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट को तैयार करने में शामिल वैज्ञानिकों का कहना है कि दिल्ली–एनसीआर की हर उंची इमारत असुरक्षित नहीं है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यहां सात की तीव्रता वाला भूकंप आया तो दिल्ली की कई सारी इमारतें और घर रेत की तरह बिखर जाएंगे। इन इमारतों में निर्माण सामग्री ऐसी है जो भूकंप के झटकों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम ही नहीं हैं। काउंसिल की रिपोर्ट को बिल्डिंग मटेरियल एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल ने प्रकाशित भी किया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक कम तीव्रता के भूकंप में दिल्ली एनसीआर की हर इमारत दरक जाएगी, यह कहना उचित नहीं है। लेकिन बिल्डिंग मटेरियल की कमजोरी के चलते यह इमारते हैं रिस्क जोन में तो आ ही जाती हैं।

**अगर दिल्ली एनसीआर में बना भूकंप का केंद्र तो आएगी तबाही**

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया की सीस्मोलॉजी डिविजन से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी टीम ने देश के अलग–अलग हिस्सों में भूकंप के लिहाज से अपना सर्वे भी किया है। ऐसे सर्वे में शामिल एक वरिष्ठ वैज्ञानिक का कहना है कि दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र की एक बड़ी समस्या आबादी का घनत्व है। यहां की लाखों इमारतें दशकों पुरानी हो चुकी हैं और कई मोहल्ले एक दूसरे से सटे हुए बने हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि नदियों के या उनके केचमेंट एरिया से कुछ किलोमीटर के दायरे में बनने वाली इमारतों के नीचे की मिट्टी भूकंप के झटकों को सहने के लिहाज से सबसे कमजोर मानी जाती है। इसलिए इस दायरे में आने वाली सभी बिल्डिंग है ना सिर्फ खतरनाक है बल्कि नोएडा या दिल्ली जैसे शहर में कभी एपीसेंटर होने की वजह से बड़ा खतरा भी ला सकती हैं।

भूगर्भशास्त्रियों के मुताबिक दिल्ली से थोड़ी दूर स्थित पानीपत इलाके के पास भूगर्भ में फॉल्ट लाइन मौजूद हैं। जिसके चलते भविष्य में किसी बड़ी तीव्रता वाले भूकंप की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। दिल्ली–एनसीआर में जमीन के नीचे मुख्यतया पांच लाइन दिल्ली–मुरादाबाद, दिल्ली–मथुरा, महेंद्रगढ़–देहरादून, दिल्ली सरगौधा रिज और दिल्ली–हरिद्वार रिज मौजूद है। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के मुताबिक इसके अलावा दिल्ली–एनसीआर में दिल्ली–हरिद्वार कगार, महेंद्र गढ़–देहरादून भ्रंश, मुरादाबाद भ्रंश, सोहना भ्रंश, ग्रेट बाउंड्री भ्रंश, दिल्ली–सरगोडा कगार, यमुना तथा यमुना गंगा नदी की दरार रेखाएँ जैसे कमजोर क्षेत्र और फॉल्ट स्थित है। इन कमजोर क्षेत्रों तथा भ्रंशों से आंतरिक तनाव ऊर्जा बाहर निकल सकती है और किसी बड़े भूकंप का कारण बन सकती है।

## अयोध्याः प्राण प्रतिष्ठा से पहले विराजमान रामलला करेंगे पंचकोसी परिक्रमा

**अयोध्या, एजेंसी।** राममंदिर निर्माण के बीच रामलला के प्राणप्रतिष्ठा समारोह की भी तैयारियां चल रही हैं। लगातार इसको लेकर बैठकों को दौर जारी है। सोमवार को भी प्राणप्रतिष्ठा प्रबंधन समिति की बैठक हुयी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्राणप्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत विराजमान रामलला को नगर भ्रमण कराने यानि पंचकोसी परिक्रमा के साथ होगी। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी से 24 जनवरी के बीच होगा।

प्राण प्रतिष्ठा प्रबंधन समिति की बैठक में समारोह के स्वरूप समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। विचार आया कि प्राण–प्रतिष्ठा से पहले सरयू पूजन कर उसके जल से रामलला का अभिषेक किया जाए। फिर उन्हें रथ से नगर भ्रमण कराया जाएगा। पंचकोसी की परिधि में रामलला को भव्य रथ पर सवार कर भव्यता पूर्वक यात्री निकाली जाएगी। इसके बाद रामलला की मूर्ति को जल, फल और अन्न में एक–एक दिन रखा जाएगा। जिसे अनुष्ठान की भाषा में जलाधिवास, फलाधिवास व



अन्नधिवास कहा जाता है।

9 दिवसीय समारोह के लिए श्रीराम यंत्र की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के समापन के बाद इसे सरयू नदी में विसर्जित कर दिया जाएगा। समारोह में हवन के लिए 9 कुंड बनाए जाएंगे। पूरा कार्यक्रम काशी के विद्वानों की देखरेख में होगा। 108 वैदिक आचार्यों की टीम यह पूरा अनुष्ठान संपन्न कराएगी। समस्त अनुष्ठान काशी के प्रसिद्ध विद्वान गणेश्वर द्विवेदी व आचार्य लक्ष्मीकांत के निर्देशन में होना सुनिश्चित हुआ है। राममंदिर का भूमिपूजन भी गणेश्वर द्विवेदी की देखरेख में हुआ था।

प्राणप्रतिष्ठा प्रबंधन समिति की बैठक में रामलला की पूजा विधि व प्राण प्रतिष्ठा विधि पर भी चर्चा की गयी। रामलला के नए मंदिर में विराजने के बाद कई नए नियम लागू करने की तैयारी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने रियल्टी फर्म एमउएम के दो निदेशकों की जमानत अर्जी की मंजूर

**नईदिल्ली,।** उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह 'एमउएम' के निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल की जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने रियल्टी फर्म के निदेशकों को जमानत दे दी। निदेशकों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 20 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि यह मामला काफी गंभीर प्रकृति का है।

इससे पहले, बसंत और पंकज बंसल को कथित रिश्वत मामले से जुड़ी धनशोधन संबंधी जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने बसंत और पंकज बंसल की याचिका पर 11 अगस्त को केंद्र और प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा था।

'जितनी आबादी–उतना हक' पर सिंघवी ने जताई असहमति, बोले

# पहले इसके परिणामों को समझने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की कांग्रेस द्वारा पुरजोर वकालत किए जाने के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर असहमति जताई है। उन्होंने आगाह कहा कि आखिरकार इसका परिणाम बहुसंख्यकवाद होगा। दरअसल, बिहार सरकार ने सोमवार को जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी किए। इसके बाद राहुल गांधी समेत पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने यह कहते हुए इसका समर्थन किया कि जिसकी जितनी आबादी है उसे उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। सिंघवी की टिप्पणी इसी के मद्देनजर आई है।

सिंघवी ने एक्स पर कहा, अवसर की समानता कभी भी परिणामों की समानता के समान नहीं होती है। 'जितनी आबादी–उतना हक' का समर्थन करने वाले लोगों को पहले इसके परिणामों को पूरी तरह से समझना होगा। यह अंततः बहुसंख्यकवाद में समाप्त हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जगदलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना



चाहिए कि क्या आबादी के अनुपात में अधिकार दिए जा सकते हैं। मोदी ने यह भी पूछा कि क्या देश की सबसे पुरानी पार्टी मुसलमानों के अधिकारों को कम करना चाहती है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि बिहार की जातिगत जनगणना ने साबित कर दिया है कि राज्य में 84 फीसदी लोग ओबीसी, एससी और एसटी हैं और उनके अधिकार उनकी आबादी के अनुसार होने चाहिए। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन ओबीसी हैं, जो भारत के बजट का सिर्फ पांच फीसदी संभालते हैं। इसलिए, भारत के जातिगत आंकड़ों को जानना महत्वपूर्ण है।

पार्टी ने केंद्र से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तुरंत इसी तरह की कवायद करने का भी आह्वान किया था। विपक्षी दल ने कहा कि अगर मोदी सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराती है तो कांग्रेस की सरकार बनते ही इसे कराया जाएगा ताकि हर वर्ग को उसका हक मिल सके।

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में मंगलवार को भाजपा की 'परिवर्तन महासंकल्प' रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने किसी अन्य देश के साथ गोपनीय समझौता किया है और उसे भारत के खिलाफ बोलने में मजा आ रहा है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस कहती है कि लोगों की आबादी (संसाधनों पर) अधिकार तय करेगी, लेकिन मोदी के लिए गरीब लोग देश की सबसे बड़ी आबादी हैं और संसाधनों पर उनका पहला अधिकार है। गरीबों का कल्याण मेरा लक्ष्य है।'


उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? मनमोहन सिंह कहा करते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि किसे अधिकारों का कितना हिस्सा मिलेगा। क्या वे मुसलमानों के अधिकारों को कम करना चाहते हैं?' पीएम मोदी ने पूछा कि किसकी आबादी अधिक है, क्या 'जनसंख्या के अनुसार अधिकार' सुनिश्चित करना संभव होगा। क्या हिंदुओं को सभी अधिकार ले लेने चाहिए? कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या जनसंख्या के हिसाब से अधिकार दिए जाएंगे। क्या कांग्रेस अल्पसंख्यकों को हटाना चाहती है?

बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने सोमवार को अपने बहुप्रतीक्षित जाति सर्वेक्षण के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें खुलासा हुआ है कि ओबीसी और ईबीसी राज्य की कुल आबादी का 63 फीसदी हैं।

जातिगत जनगणना पर कांग्रेस महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, हमारी पार्टी रुख बिल्कुल स्पष्ट है। हम जातिगत जनगणना के पक्ष में हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गांधी इस पर बयान दिया है।

## भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का एलान, इस साल इन तीन लोगों को दिया गया सम्मान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया गया है। इस श्रेणी के लिए 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियेरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्रउसज और एनी एल'हुलियर को दिया गया। इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। एनी हुलियर



फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं।

पिछले साल भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से अलेन अस्पेक्ट, जॉन एफ क्लाउसर और एंटन जिलिंगर को दिया गया था। अलेन अस्पेक्ट फ्रांस के भौतिक विज्ञानी हैं, जबकि जॉन एफ क्लाउसर अमेरिका और एंटन जिलिंगर ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिको के प्रयोगों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक का रास्ता साफ किया था।

इससे पहले बीते दिन फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का एलान किया गया था। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी–19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली।

पिछले साल स्यूकुरो मानेबे, क्लॉस होसेलमैन और जियोर्जियो पेरिसी को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## राजौरी में सुरक्षा बलो व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो सैनिक घायल

**जम्मू,एजेंसी** । जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में मंगलवार को दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सूम–ब्रोह गांव के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की एक खोज टीम और आतंकवादियों के बीच संपर्क स्थापित होने के बाद सोमवार शाम को मुठभेड़ शुरू हुई। क्षेत्र में दो से तीन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खबर मिलने के बाद सोमवार सुबह सेना, स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षा बलों द्वारा कालाकोट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत गांवों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया था।


# दुश्मन की ताकत और प्रौद्योगिकी का मुकाबला करने को तैयार है भारतः वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने आज कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य गठजोड़ का भारत को अच्छी तरह से पता है और वह प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत का मुकाबला प्रशिक्षण और रण कौशल के बल पर मजबूती से करने को पूरी तरह तैयार है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने 91 वें वायु सेना स्थापना दिवस 8 अक्टूबर से पहले मंगलवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर तथा अनिश्चित भू राजनैतिक स्थिति को देखते हुए मजबूत तथा विश्वसनीय सेना समय की जरूरत है।

वायु सेना प्रमुख ने पाकिस्तान और चीन के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि भारत को जानकारी है कि उनके बीच प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हो रहा है। पाकिस्तान में जे एफ–17 लड़ाकू विमान बनाया जा रहा है और वह जे–10 विमान भी ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी नजर इस बात पर है और हम प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत और अधिक संख्या का मुकाबला अपने प्रशिक्षण तथा रणकौशल से करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम सीमा पर अत्यंत कड़ी नजर रख रहे हैं। हम खुफिया जानकारी, निगरानी तथा टोही अभियानों के माध्यम से सीमा पर और सीमा पार बनायी जा रही ढांचागत सुविधाओं, क्षमता निर्माण तथा संसाधनों पर पैनी नजर रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संचालन नीतियां गतिशील हैं और ये स्थिति तथा समय की जरूरत और मोर्चे की जगह के अनुरूप बदलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं दुश्मन संख्या में अधिक है तो भी हम अपने प्रशिक्षण और रण कौशल के माध्यम से उसे कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी निगरानी प्रणाली में भी समय समय पर बदलाव करते रहते हैं।

अपने आरंभिक वक्तव्य में वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर तथा



अनिश्चित भू–राजनैतिक स्थिति के चलते मजबूत और विश्वसनीय सेना बहुत अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया का नया आर्थिक और रणनीतिक केन्द्र बन गया है जो हमारे लिए चुनौती के साथ साथ अवसर भी लेकर आया है। वायु सेना अपनी दूर तक मार करने वाली त्वरित मारक क्षमता के चलते इन चुनौतियां से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि वायु सेना क्षेत्र में भारत को शक्ति का केन्द्र बनाने में महत्वपर्ण भूमिका निभाएगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि वायु सेना के लिए बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान की खरीद का मामला अभी सिरे नहीं चढ पा रहा है और उम्मीद है कि निकट भविष्य में इस बारे में निर्णय लिया जा सकेगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वायु सेना ने स्वदेशी 83 हल्के लड़ाकू विमान मार्क 1 ए की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं जो पहले के 97 विमानों से अलग हैं। उन्होंने कहा कि इस पर 1.15 लाख करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि वायु सेना पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार वर्ष 2025 से मिग–21 लड़ाकू विमानों को उडाना बंद कर देगी और इनकी जगह हल्के लड़ाकू विमान मार्क 1ए को बेड़े में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वायु सेना को इन विमानों के स्कवैड्रन मिलने शुरू हो रहे हैं और अगले वर्ष इसका तीसरा स्कवैड्रन वायु सेना की शान बनेगा।

उन्होंने कहा कि मिग–21 लड़ाकू विमान वायु सेना दिवस पर आयोजित किये जाने वाले फ्लाईपास्ट में संभवत आखिरी बार हिस्सा ले रहा है और इसके बाद यह इस तरह के फ्लाईपास्ट का हिस्सा नहीं बनेगा। इस बार का फ्लाईपास्ट प्रयागराज में संगम के आकाश में होगा। युद्धग्रस्त रूस से एस झ 400 हवाई रक्षा प्रणाली के मिलने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कुल पांच प्रणाली भारत को मिलनी हैं जिनमें से तीन पहले ही मिल चुकी हैं और दो भी जल्दी ही मिल जाएंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी हवाई रक्षा प्रणाली कुशा पर भी काम कर रहे हैं।

रूस से मिलने वाले कलपुर्जों के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कलपुर्जे भी मिल रहे हैं और भारतीय कंपनियों ने रूस की कुछ कंपनियों के साथ भागीदारी कर विशेष उपक्रम भी बनाये हैं और कुछ बनाये जा रहे हैं इसलिए कलपुर्जों की आपूर्ति में कमी नहीं आएगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि वायु सेना अगले 7 से 8 वर्षों में ढाई से तीन लाख करोड़ के विभिन्न प्लेटफार्म तथा रक्षा उपकरणों एवं साजो सामान की खरीददारी करने जा रही है। लड़ाकू विमानों के स्कवैड्रनों की जरूरी संख्या से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि संख्या इतनी जरूरी नहीं होती जितनी प्रौद्योगिकी और विमान तथा प्रशिक्षित जन संसाधन एवं रणनीति होती है।

# हांगकांग को 13—0 से रौंद कर सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम



हांगझोऊ भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में हांगकांग चीन पर 13—0 की शानदार जीत के साथ एशियाई खेल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए वंदना कटारिया (2, 16, 48), दीपिका (4, 54, 58),दीप ग्रेस एक्का (11, 42), संगीता कुमारी (27, 55), मोनिका (7), वैष्णवी विल फाल्के (34) और नवनीत कौर (58) गोल करने वाले खिलाड़ी रही।

खेल की शुरुआत भारत द्वारा हांगकांग चीन के खिलाफ लगातार आक्रमण शुरू करने से हुई, जिससे पहले क्वार्टर में 4—0 की बढ़त हासिल हुई।

दूसरे क्वार्टर में पहले जैसा ही प्रदर्शन हुआ, जिसमें भारत ने खेल पर अपना मजबूत नियंत्रण बनाए रखा।वंदना (16) ने एक प्रभावशाली फील्ड गोल के साथ एक बार फिर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, संगीता (27) ने नेट के पीछे गोल कर भारत का स्कोर बढ़ाया, जिससे भारत हाफटाइम में 6—0 की मजबूत बढ़त के साथ आगे बढ़ा।आसान बढ़त के साथ भी, भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैदान पर अपना दबदबा बनाए रखा। वैष्णवी (34) और दीप ग्रेस (42) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक—एक गोल किया, जिससे उनकी टीम की स्थिति और मजबूत हो गई क्योंकि अंतिम क्वार्टर के अंत में भारतीय टीम ने 8—0 की बढ़त बना ली थी।

भारत ने गोल करने की अपनी भूख बरकरार रखी और चौथे क्वार्टर में पांच बार गोल कर अपने इरादे को अंजाम दिया। वंदना (48), दीपिका (54, 58), संगीता (55) और नवनीत (58) ने आखिरी क्वार्टर में गोल कर 13—0 की शानदार जीत सुनिश्चित की।

इस जीत के साथ, भारत पूल चरण में अजेय रहा और सेमीफाइनल में जगह पक्की।०

# जायसवाल का शतक, एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

हांगझोऊ एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में टीम इंडिया ने नेपाल को 23 रन से हरा दिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। जवाब में नेपाल 179 रन ही बना पाई और 23 रन से यह मुकाबला हार गई।

यशस्वी ने 49 गेंदों में 100 रन बनाए, जो कि टी20 में उनका पहला शतक था। साथ ही वो 21 साल और 279 दिन में टी20 शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड शुभमन गिल के नाम था, जिन्होंने 23 साल और 146 दिन की उम्र में ये रिकॉर्ड बनाया था।




आवेश खान और बिश्नोई ने तीन—तीन विकेट चटकाए, जबकि साई किशोर का पदार्पण काफी अच्छा रहा। उन्होंने एक विकेट लिया और तीन कैच भी लिए, जिससे भारत ने नेपाल को 20 ओवर में 179—9 पर रोककर 23 रन से जीत हासिल की।

सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला शुक्रवार को बांग्लादेश—मलेशिया क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

# पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह



हांगझोऊ,बैडमिंटन के व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में पीवी सिंधु और एचएस प्रणय मंगलवार को 19वें एशियाई खेलों में राउंड ऑफ 16 में पहुंचे।

पीवी सिंधु ने दुनिया की 21वें नंबर की चीनी ताइपे शटलर सू वेन ची को 42 मिनट में 21—10, 21—15 से हराया। जबकि, प्रणॉय ने मंगोलियाई खिलाड़ी बटदावा मुंखबत के खिलाफ दोनों गेम 21—9, 21—12 से जीतकर आसानी से 16वें राउंड में प्रवेश किया।

अन्य भारतीयों में, अस्मिता एकल राउंड 32 मैच में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से 11—21, 16—21 से हार गईं।

त्रिशा जॉली/गायत्री गोपीचंद और तनीषा क्रैस्टो/अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी मालदीव की जोडियों को हराकर अगले दौर में पहुंच गई।

## एशियन गेम्स 2023: मुक्केबाजी में प्रीति ने जीता ब्रॉन्ज, लवलीना खेलेंगी एशियाड में गोल्ड मेडल मैच

हांगझोऊ। लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल के लिए मैच खेलेंगी। वहीं, उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्पॉट बुक कर लिया है।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को थाईलैंड की मानेकोन बाइसन पर 5:0 की जीत के साथ एशियाई खेलों में महिलाओं की 75 किग्रा मुक्केबाजी स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई।इससे पहले, 54 किग्रा भार वर्ग में अंतिम चार में पहुंचकर 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली प्रीति ने मंगलवार को सेमीफाइनल में चीन की युआन चांग से हारने के बाद कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में प्रीति को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 5:0 से हार का सामना करना पड़ा।

# अर्जुन और सुनील ने कैनो डबल 1000 मीटर में जीता कांस्य

हांगझोऊ भारत के अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने मंगलवार को एशियाई खेलों में पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।फाइनल मुकाबले में 16 वर्षीय अर्जुन सिंह और 24 वर्षीय सुनील सिंह 3:53.329 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।ये जोड़ी स्वर्ण पदक विजेता उज्बेकिस्तान (3:43.796) और रजत पदक विजेता कजाकिस्तान (3:49. 991) से पीछे रहे।1994 में हिरोशिमा खेलों में पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर में जॉनी रोमेल और सिजी कुमार सदानंदनके के कांस्य पदक जीतने के बाद यह एशियाई खेलों में कैनोइंग में भारत का दूसरा पदक है।2018 में इंडोनेशिया में सुनील पुरुष सी—2 1000 मीटर



के लिए यह दूसरा एशियाई खेल है, जो कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे। वह एक बहुत ही अनुभवी पैडलर हैं, जिन्होंने 2019 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में सी—2 1000 मीटर और सी—1 2000 मीटर में भाग लिया है।इसके विपरीत, 16 वर्षीय अर्जुन सिंह के लिए यह केवल दूसरा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है। इस साल की शुरुआत में उसने जर्मनी के ड्यूसबर्ग में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया और पुरुषों की सी—2 1000 मीटर में 9वें स्थान पर रहा।

# फिल्मी दुनियां

# फुकरे 3 के आगे पस्त हुई द वैक्सीन वॉर, जवान का ऐसा रहा हाल



सिनेमाघरों में इस हफ्ते विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर, फुकरे 3 और चंद्रमुखी 2 के बीच भिड़ंत देखने को मिली, जिसमें पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर फुकरे 3 बढ़त बनाए हुए है।दूसरी और शाहरुख खान की फिल्म जवान का चौथे हफ्ते में भी टिकट खिडक़ी पर जलवा बरकरार है और यह बाकी सभी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रही है।आइए जानते हैं कि शुक्रवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।

फुकरे फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त फुकरे 3 कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर है, जिसे दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही हैं।फिल्म ने पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी तो दूसरे दिन इसकी कमाई में थोड़ी कमी देखने को मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को 7.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.32 करोड़ रुपये हो गया है। नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना वायरस के दौरान देश के वैज्ञानिकों द्वारा वैक्सीन बनाने के सफर की कहानी बताती है।12 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने 85 लाख रुपये के साथ पहले दिन शुरुआत की थी तो दूसरे दिन इसकी कमाई में कोई इजाफा नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, भी फिल्म ने 85 लाख रुपये ही कमाए हैं और अब इसकी कमाई 1.70 करोड़ रुपये हो गई है।

कंगना रनौत की फिल्म चंद्रमुखी 2 ने भी इसी हफ्ते सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया है। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा है।हिंदी सहित तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने पहले दिन 8.25 करोड़ रुपये के साथ अच्छी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इसकी कमाई में गिरावट आई है।

## युक्ति कपूर अपकमिंग शो कह दूं तुम्हें को लेकर हैं सुपर एक्साटइेड

स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए पहले कभी नहीं देखी गई दिलचस्प मर्डर मिस्ट्री और लव स्टोरी, 'कह दूं तुम्हें' लेकर आया है। ये शो पंचगनी में सेट है। इस शो में युक्ति कपूर और मुदित नैय्यर, कीर्ति और विक्रांत की मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो 'कह दूं तुम्हें' अपने दिलचस्प और मनोरंजक प्लॉट से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। इस शो के साथ युक्ति कपूर पहली बार किसी थ्रिलर जॉनर शो में नजर आएंगी।

ऐसे में शो के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए उन्होंने कहा, मैं 'कह दूं तुम्हें' का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह पहली बार है कि मैं एक थ्रिलर शैली के मर्डर मिस्ट्री शो का हिस्सा बनूंगी। कीर्ति के किरदार में अलग—अलग परतें और अलग—अलग भावनाएं हैं, जिन्हें स्क्रीन्स पर उतारना एक दिलचस्प हिस्सा होगा।

# वाणी कपूर ने दिखाया अब तक का सबसे बोल्ड लुक, तोड़ी सारी हदें

वाणी कपूर ने अपने अब तक के करियर में कई फिल्मों में बेहतरीन किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतार चुकी हैं. हालांकि, अपनी फिल्मों के अलावा वाणी अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फोटोशूट की वजह से भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं. अक्सर उनके इंस्टाग्राम पेज उनके ग्लैमरस लुक्स देखने को मिल जाते हैं. अब फिर से एक्ट्रेस ने फिर से फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ा दी हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में वाणी अपना बिकिनी लुक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. उन्होंने इस दौरान ग्रीन शेड की बिकिनी के साथ डेनिम जीन्स कैरी की है. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और हॉट बनाने के लिए जीन्स के बटन खोल कैमरे के सामने



किलर पोज दिए हैं. वाणी ने बहुत बेबाकी से अपना ये बोल्ड लुक फ्लॉन्ट किया है. वाणी ने इस लुक को सटल बेस, रोजी शाइनी चीक्स, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को मैसी टच देकर ओपन रखा है. एक्सेसरीज के तौर पर वाणी ने एक हाथ में गोल्ड बैंगल्स पहने हैं. वाणी इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. खासतौर पर एक्ट्रेस के कर्वी फिगर ने सबके होश उड़ा दिए हैं. दूसरी ओर वाणी की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो इस समय एक्ट्रेस मंडाला मर्डर्स टाइटल से बन रही वेब सीरीज को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं.

# संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर अनरियल है : सुनील शेट्टी

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल नामक शो के अपकमिंग सीजन में नजर आएंगे। उन्होंने अपने को—स्टार संजय दत्त और सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। सुनील ने कहा कि संजय में हास्य की अवास्तविक समझ है।

एक्टर ने साझा किया कि उन्हें संजय के साथ काम करना हमेशा मजेदार लगता है, क्योंकि दोनों के बीच शूटआउट एट लोखंडवाला, एलओसी : कारगिल, दस, कांटे और अन्य फिल्मों में सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। एक्टर ने



बताया, संजय दत्त के साथ काम करना हमेशा अद्भुत होता है। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर अवास्तविक है। हम ऐसे दोस्त हैं जिनकी आपस में बहुत अच्छी बनती है और हम एक—दूसरे के साथ बहुत सहज हैं।

शूटिंग आरामदायक है। जब हम एक साथ शूटिंग कर रहे होते हैं तो सेट पर खुशमिजाज वाला माहौल बन जाता है। संजय बड़े दिल वाले हैं और चीजों को वैसे ही कहते हैं, जैसे वे हैं। शो में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, अपारशक्ति खुराना, मौनी रॉय और नकुल मेहता जैसे सेलिब्रिटी मेहमान होंगे। रणवीर दो यूनिक भारतीय जगहों कूर्ग और स्पीति की जर्नी करेंगे। यह शो प्रत्येक व्यंजन के स्वाद और उसके पीछे की कहानियों को उजागर करने का वादा करता है।

# ब्रेकअप ट्रैक के जरिए संगीत की दुनिया में कदम रख रहीं पलक पुरसवानी

रियलिटी स्टीमिंग शो बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आने वाली टीवी अभिनेत्री और मॉडल पलक पुरसवानी संगीत की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका म्यूजिक वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाला हैं।

पलक ने कहा कि उनका नया सॉन्ग एक ब्रेकअप ट्रैक है, जो सभी को पसंद आएगा।

एक्ट्रेस ने अपने सॉन्ग को लेकर कहा, मैं म्यूजिक वीडियो को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि बहुत से लोग जो रिश्तों में ब्रेकअप से गुजरते हैं, वे इससे जुड़ाव महसूस करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनका खुद भी इस ट्रैक से पर्सनल अटैचमेंटहै और वे इससे जुड़ सकती हैं। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, मैं भी इससे जुड़ी हूं। साथ ही, यह मेरा अब तक का पहला म्यूजिक वीडियो है। मैं



अपने सभी एक्टर फ्रेंड्स से उम्मीद करूंगी कि वे इसको प्रमोट करें ताकि म्यूजिक वीडियो वायरल हो जाए! म्यूजिक वीडियो के बारे में खुलासा करते हुए पलक ने कहा, मेरे आने वाले म्यूजिक वीडियो के सिंगर मोहम्मद दानिश हैं जो इंडियन आइडल का हिस्सा थे। म्यूजिक वीडियो में मेरे अपोजिट अध्विक महाजन हैं। उन्होंने इसका हिस्सा बनना क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, इसे मुंबई के मढ़ में ही शूट किया गया था। मैंने इस गाने के लिए हां इसलिए कहा क्योंकि गाना वाकई बहुत अच्छा था। मैं इस गाने से एक खास तरह से जुड़ सकती हूं। यह 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। यह देखते हुए कि गाना बिल्कुल तैयार है, पलक पुरसवानी ने अपने म्यूजिक डेब्यू के लिए एक ऐसा विषय चुना है, जो यूनिवर्सल है और फिर भी इसे संभालना बहुत मुश्किल है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com